
दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 249 जयपुर | रविवार, 14 जुलाई, 2024 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष अष्टमी संवत्-2081 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## जम्मू-कश्मीर के एलजी की शक्तियां बढ़ीं

### दिल्ली की तरह ट्रांसफर-पोस्टिंग में मंजूरी जरूरी; महबूबा मुफ्ती बोलीं- कश्मीर में हमारी जिंदगी नर्क बना दी

बढ़ता राजस्थान



**दिल्ली/श्रीनगर।** केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की प्रशासनिक शक्तियां बढ़ा दी हैं। दिल्ली की तरह अब जम्मू-कश्मीर में राज्य सरकार एलजी की मंजूरी के बिना अफसरों की पोस्टिंग और ट्रांसफर नहीं कर सकेगी।

गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत बदले हुए नियमों को नोटिफाई किया है, जिसमें एलजी को ज्यादा ताकत देने वाली धाराएं जोड़ी गई हैं। उपराज्यपाल के पास अब पुलिस, कानून व्यवस्था और ऑल इंडिया सर्विस से जुड़े मामलों में ज्यादा अधिकार होंगे। न्यूज एजेंसी ने बाद में सूत्रों के हवाले से जानकारी दी कि केंद्र ने सिर्फ व्यापार नियमों के लेनदेन में संशोधन किया गया है। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में बाकी चीजों का जिक्र पहले से ही था। हालांकि एजेंसी ने गृह मंत्रालय का जो नोटिफिकेशन जारी किया है, उसमें पहले के प्रावधान और 12 जुलाई को किए गए बदलावों के बीच स्पष्ट अंतर की जानकारी नहीं दी गई है।

#### राज्य में सरकार कोई रहे, ताकत एलजी के पास

जम्मू-कश्मीर में इसी साल सितंबर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ताजा फैसले के बाद राज्य में सरकार किसी भी पार्टी की बने, लेकिन अहम फैसले लेने की शक्तियां एलजी के पास ही रहेंगी।

## संविधान की आत्मा पर प्रहार करने वाले संविधान हत्या दिवस मनाएंगे : प्रियंका

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर शनिवार को निशाना साधते हुए कहा कि इसमें आश्चर्य की क्या बात है कि संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार करने वाले लोग संविधान हत्या दिवस मनाएंगे।

केंद्र ने 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान हत्या दिवस 25 जून को मनाया जाना ''हमें याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था।''

प्रियंका ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत की महान जनता ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़कर अपनी आजादी और अपना संविधान हासिल किया है। जिन्होंने संविधान को बनाया, जिनकी संविधान में आस्था है, वे ही संविधान की रक्षा करेंगे।

## हिमाचल प्रदेश सरकार का बड़ा फैसला, अब 15 साल पुराने वाहनों को जरुर करना होगा नष्ट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने 15 वर्ष पुराने वाहनों को स्क्रैप करने की योजना की घोषणा की। राज्य सरकार ने परिवहन विभाग के साथ मिलकर इसकी तैयारी की है। अब राज्य सरकार राज्य के हर जिले में एक-एक 12 स्क्रैप सेंटर स्थापित करेगी।

नई नीति इस वर्ष अक्टूबर से लागू होने की संभावना है। इस नई नीति के तहत, कबाड़ हो चुके वाहनों के किसी भी स्पेयर पार्ट्स का पुनः उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, पारदर्शिता और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए स्क्रैप किए गए वाहनों का व्यापक रिकॉर्ड रखा जाएगा। नई नीति के माध्यम से सरकार का लक्ष्य पुराने वाहनों के पुर्जों के निरंतर उपयोग को रोकना है, जो अक्सर मैकेनिकों के माध्यम से बाजार में पुनः प्रवेश कर जाते हैं। इससे सड़कों से पुराने और संभावित खतरनाक वाहनों को हटाने के सरकार के प्रयासों को झटका लगता है।

हिमाचल प्रदेश परिवहन विभाग के निदेशक डीसी नेगी ने कहा, न केवल हिमाचल प्रदेश में बल्कि पूरे देश में 15 साल पुराने वाहनों को स्क्रैप किया जाएगा।

# चुनावों में विदेशी ताकतों की दखल रही : शिवराज

## भाजपा चुनाव प्रभारी ने कहा- हार पर मंथन करते हुए दूसरों पर ठीकरा फोड़ते हैं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनने के बाद शनिवार को पहली बार प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लोकसभा चुनावों में विदेशी ताकतों की दखल रही। यह सच है कि हमारे विरोधियों में विदेशी ताकतें भी शामिल हैं। जो चाहते हैं कि किसी भी तरह से देश में बीजेपी की सरकार न रहे।

भाजपा चुनाव प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि इन चुनाव में विदेशी ताकतों के कारण भी हमें कम सीटें मिली है, क्योंकि विदेशों में बैठे कुछ लोग, जिनके हित मोदी सरकार की नीतियों के चलते प्रभावित हो रहे थे। वह चाहते थे कि देश में पुरानी सरकार बने और यही वजह है कि विदेशी ताकतों का भी इन चुनाव परिणाम में असर देखने को मिला।

इसके अलावा आरक्षण और संविधान को लेकर गलत प्रचार और अंग्रेजों की तर्ज पर फूट डालो और राज करो की जो नीति इस बार विपक्ष ने अपनाई। उसके चलते कुछ लोगों ने जाति और संप्रदाय के नाम पर वोट डाला। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मैं आपके बीच में से ही आया हूं। विधायक दल की बैठक में जब सीएम के लिए मेरा नाम बोला गया तो एक बार मुझे भी समझ में नहीं आया कि यह क्या हुआ। सीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी संगठन की नजर में हैं। आपके हर काम पर संगठन की नजर है।

भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस में सर्वोच्च सम्मान मिला है। यह भारत के विश्वगुरु बनने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने पूर्व कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार में यहां गैंगस्टर आते थे, गोली चलाकर चले जाते थे। अब या तो गैंगस्टर राजस्थान में आएगा नहीं और आएगा तो बचकर जाएगा नहीं।

बैठक में लोकसभा चुनावों में परफॉर्मेंस की समीक्षा के साथ आने वाले विधानसभा उपचुनावों में जीत की रणनीति भी बनाई जाएगी। सीतापुरा के जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित होने वाली इस बैठक में करीब 8 हजार बीजेपी नेता और पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं।

#### चुनावों में विदेशी ताकतों की दखल रही

विनय सहस्त्रबुद्धे के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लोकसभा चुनावों में विदेशी ताकतों की दखल रही। यह सच है कि हमारे विरोधियों में विदेशी ताकतें भी शामिल हैं। जो चाहते हैं कि किसी भी तरह से देश में बीजेपी की सरकार न रहे।



#### प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पहुंचीं वसुंधरा

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी बैठक में शामिल होने पहुंचीं। मंच पर राजे केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के पास वाली सीट पर बैठीं। विदेशी ताकतों के चलते बीजेपी को कम सीटें मिली डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि इन चुनाव में विदेशी ताकतों के कारण भी हमें कम सीटें मिली है, क्योंकि विदेशों में बैठे कुछ लोग, जिनके हित मोदी सरकार की नीतियों के चलते प्रभावित हो रहे थे। वह चाहते थे कि देश में पुरानी सरकार बने और यही वजह है कि विदेशी ताकतों का भी इन चुनाव परिणाम में असर देखने को मिला।

#### विनय सहस्त्रबुद्धे बोले- देश में 60-65 सीटें कम आईं

चुनाव परिणामों का विश्लेषण करते हुए चुनाव प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि देश में 60-65 सीटें कम आई है। उसकी हम सभी को पीड़ा है, लेकिन हम आत्मचिंतन करते हुए इसका ठीकरा दूसरे पर फोड़ने लगते हैं। हमें यह सोचना होगा कि जब हम किसी पर अंगुली उठाते हैं तो बाकी चार अंगुलियां हमारी तरफ उठती है।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि जब एक कार्यकर्ता किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री बनता है तो किस तरह से ट्रांफॉर्मेशन और डेवलपमेंट का बजट पेश किया जाता है।

# सरपंचों की जगह डमी अभ्यर्थी दे रहे थे परीक्षा

## डाक्युमेंट में हस्ताक्षर नहीं मिलने पर हुआ शक

### 17 गिरफ्तार, 3 नाबालिग डिटेन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर।** बाड़मेर के सरकारी स्कूल में 10वीं और 12वीं स्टेट ओपन परीक्षा में 2 सरपंचों समेत 20 परीक्षार्थियों की जगह डमी अभ्यर्थी परीक्षा देने बैठे थे। चेकिंग के दौरान उनके डॉक्युमेंट में हस्ताक्षर का मिलान नहीं होने पर केंद्र के अधीक्षक को उन पर शक हुआ।

सूचना मिलने पर पुलिस स्कूल पहुंची और 3 नाबालिग समेत 20 फर्जी अभ्यर्थियों को पकड़ लिया। इनमें 11 पुरुष और 9 महिला शामिल हैं। मामला धनाऊ इलाके की गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल आलमसरिया का है।

### डाक्युमेंट में हस्ताक्षर नहीं मिले तो हुआ शक

एएसपी नितेश आर्य ने बताया- 12 जुलाई को दोपहर 1 बजे से 4 बजे की पारी में 10वीं और 12वीं स्टेट ओपन के एग्जाम चल रहे थे। धनाऊ ब्लॉक के आलमसरिया गांव की राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में 20 परीक्षार्थियों की जगह फर्जी अभ्यर्थी एग्जाम देने पहुंच गए थे।

चेकिंग के दौरान डॉक्युमेंट में उनके हस्ताक्षर का मिलान नहीं होने पर केंद्र के अधीक्षक को उन पर शक हुआ। इस पर उन्होंने धनाऊ पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने स्कूल पहुंचकर फर्जी अभ्यर्थियों को पकड़ लिया। केंद्र के अधीक्षक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है।



#### 10वीं-12वीं स्टेट ओपन एग्जाम में बैठे 20 डमी कैंडिडेट

उन्होंने बताया- स्कूल में 10वीं की परीक्षा में आलमसर के सरपंच मिठन शाह की जगह हनीफ पुत्र सुमार और अली मोहमद शाह की बस्ती की सरपंच सफूरा की जगह नसीबा खान पुत्री खमीशा खान डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा देने बैठे थे। इसके अलावा 17 अन्य परीक्षार्थियों की जगह भी डमी अभ्यर्थी परीक्षा देने बैठे थे। पुलिस ने मामले में 3 नाबालिग को डिटेन किया है, जबकि 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एएसपी ने बताया- डमी अभ्यर्थी किसकी जगह बैठे और क्यूं बैठे, इसको लेकर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। वास्तविक परीक्षार्थी के खिलाफ सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम और नए कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। अंदेशा है कि जो वास्तविक परीक्षार्थी हैं, वो आने वाले समय में पंचायती राज चुनाव लड़ने की मंशा रखते हैं। ऐसे में इस एंगल से भी जांच की जा रही है।

#### शैक्षणिक योग्यता पूरी करने के लिए देते हैं स्टेट ओपन परीक्षा

उन्होंने बताया- आगामी पंचायती राज चुनाव में शैक्षणिक अनिवार्यता के चलते लोग एजुकेशन के मापदंड पूरे करने के लिए स्टेट ओपन परीक्षा का फॉर्म भरते हैं। एग्जाम में डमी अभ्यर्थी को बैठाकर पास हो जाते हैं, ताकि उनकी शैक्षणिक योग्यता पूरी हो सके और पंचायती राज चुनाव लड़ने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आए।

#### वसुंधरा सरकार ने शैक्षणिक योग्यता की थी अनिवार्य

दरअसल, वसुंधरा राजे की सरकार के पंचायत और जिला परिषद सदस्य के लिए 10वीं पास की योग्यता अनिवार्य की थी। इसी तरह सरपंच के लिए टीएसपी क्षेत्र में 5वीं पास और नॉन टीएसपी में 8वीं पास की योग्यता रखी थी। इसके कारण कई प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ पाए थे। हालांकि अशोक गहलोत सरकार ने शैक्षणिक योग्यता की बाध्यता को हटा दिया था।

## जयपुर में राष्ट्रीय करणी सेना, राजपूत करणी सेना में फायरिंग-मारपीट

### दोनों का एक-दूसरे पर हमले का आरोप



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत और श्री राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना के बीच मारपीट और फायरिंग हो गई। इसमें मकराना जख्मी हुए हैं। उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शेखावत के 5 और महिपाल सिंह मकराना के 2 साथियों सहित एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है।

#### एक-दूसरे के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

शेखावत ने कहा है कि मकराना चार लोगों के साथ चित्रकूट इलाके में स्थित मेरे कार्यालय में आया और फायरिंग कर दी। इस पर सिक्योरिटी गार्ड और अन्य लोगों ने उसे पकड़ा। उसके साथ मारपीट की। वहीं, महिपाल सिंह मकराना की पत्नी वर्षा ने शिव सिंह और उनके साथियों पर फायर करने के आरोप लगाए हैं। इस घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं। इनमें दोनों पक्ष मारपीट करते दिख रहे हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शनिवार सुबह चित्रकूट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

#### मकराना की गोली जमीन पर लगी- शेखावत

शिव सिंह शेखावत ने बताया, मकराना का शुक्रवार को मेरे छोटे भाई के पास फोन आया था। कह रहा था कि बैठकर बात कर लेते हैं। सभी बात कर रहे थे। वो शायद नशे में था। इस बीच उसने मेरे ऊपर फायर कर दिया। फायर जमीन पर लगा। इसके बाद मेरे गनमैन से इसके सिर पर बंदूक का बट मार दिया। मकराना के साथ तीन लोग और थे। हमने उन सभी को पकड़ लिया।

# आठ करोड़ नई नौकरियां पैदा हुईं, रोजगार के मुद्दे विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी; रिपोर्ट का दिया हवाला

मुंबई (एजेंसी)

लोकसभा चुनाव के बाद शुरू हुए अपने तीसरे कार्यकाल की पहली मुंबई यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले एक माह में छोटे-बड़े हर निवेशक ने हमारे तीसरे कार्यकाल का उत्साह से स्वागत किया है, क्योंकि लोग जानते हैं कि एनडीए सरकार ही स्थिरता और स्थायित्व दे सकती है।

**इन परियोजनाओं से पैसा और समय दोनों बचेगा**-प्रधानमंत्री शनिवार शाम मुंबई पहुंचे और गोरेगांव स्थित नेस्को ग्राउंड में आयोजित एक समारोह में मुंबई और आसपास की 29,400 करोड़ रुपये मूल्य की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं मुंबई के अंदर एवं यहां से अन्य शहरों का संपर्क सुगम करेंगी। इससे लोगों का समय और पैसा दोनों बचेगा।

#### तीन गुना तेजी से काम करने का वादा

पीएम ने कहा कि मुंबई में तेजी से विकसित हो रहे बुनियादी ढांचे के कारण यह देश-विदेश के निवेशकों के आकर्षण का केंद्र बन रही है। उन्होंने कहा कि हमने चुनाव के दौरान तीन गुना तेजी से काम करने का वादा किया था। आज हम इसे पूरा होते देख रहे हैं। यही कारण है कि हमारे तीसरे कार्यकाल का छोटे-बड़े सभी निवेशकों ने उत्साह से स्वागत किया है। सबको लगता है कि एनडीए ही स्थिरता और स्थायित्व दे सकती है। इस समारोह में प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं दोनों उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एवं अजीत पवार भी उपस्थित थे।



#### आरबीआई की रिपोर्ट ने कर दी बोलती बंद

प्रधानमंत्री ने रोजगार को लेकर विपक्ष द्वारा किए जाने वाले दुष्प्रचार पर भी जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कोरोना संकट के बावजूद रिकॉर्ड रोजगार निर्माण हुआ है। रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बीते तीन-चार वर्षों में लगभग आठ करोड़ रोजगार निर्माण हुआ है। इन आंकड़ों ने झूठे नैरेटिव (कहानियां) गढ़ने वालों की बोलती बंद कर दी है।

#### जनता झूठ और प्रपंच को नकार रही

उन्होंने कहा कि इस तरह के झूठे नैरेटिव गढ़नेवाले निवेश के दुश्मन हैं, बुनियादी ढांचे के निर्माण के दुश्मन हैं, और विकास के दुश्मन हैं। इनकी हर नीति युवाओं से विश्वासघात एवं रोजगार रोकने की रहती है, लेकिन अब इनकी पोल खुल रही है। भारत की समझदार जनता इनके झूठ और प्रपंच को नकार रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जहां से रेल ट्रैक, पुल, रेल के डिब्बों जैसा कोई भी निर्माण कार्य होता है।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# फोर्टिस एस्कॉर्ट्स जयपुर में एडल्ट वेक्सिनेशन सेंटर की शुरुआत की, सेंटर में 17 से अधिक महत्वपूर्ण टीके उपलब्ध होंगे

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )** । फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल जयपुर ने एक समर्पित वयस्क टीकाकरण केंद्र (एडल्ट वेक्सिनेशन सेंटर ) की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य जन स्वास्थ्य को अधिक बेहतर बनाने के लिए वयस्कों को कई तरह के टीके उपलब्ध कराना है। अत्याधुनिक सुविधा का उद्देश्य 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए महत्वपूर्ण टीकाकरण के बारे में जागरूकता और उन तक पहुंच बढ़ाना है। केंद्र का उद्घाटन फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल के डॉ. आर के टोंगिया, डायरेक्टर एवं हेड - कार्डियोलॉजी, डॉ. पंकज आनंद, डायरेक्टर, इंटरनल मेडिसिन, डॉ. सुनीत माथुर, जेरिएट्रिक मेडिसिन विशेषज्ञ, नीरव बंसल, जोनल डायरेक्टर, और डॉ. माला ऐरुन, डायरेक्टर मेडिकल ऑपरेशन्स एवं सामाजिक संस्थाओ के पदाधिकारियों ने किया।

जयपुर के फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल के इंटरनल मेडिसिन के डायरेक्टर डॉ. पंकज आनंद ने बताया, जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कम हो जाती है, जिसे इम्यूनोसेनेसेंस कहा जाता है, इसलिए वयस्कों के लिए टीकाकरण उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि बाल चिकित्सा के लिए। वे बीमारियों की जटिलताओं, हॉस्पिटलाइजेशन एवं मृत्यु के जोखिम को काफी हद तक कम करते हैं। सेंटर में कई गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाने की क्षमता होगी। यहां उपलब्ध कुछ महत्वपूर्ण वयस्क टीके हैं- न्यूमोकोकल, सर्वाइकल कैंसर एचपीवी, हेपेटाइटिस ए और बी, मेनिंगोकोकल, टाइफाइड, इन्फ्लूएंजा और कई अन्य। आम लोगो के अलावा, सेंटर चिकित्सा क्षेत्र में काम करने वालो के लिए, अंतरराष्ट्रीय यात्रियों, तीर्थयात्रियों और विदेश यात्रा करने वालों को भी टीके उपलब्ध कराएगा, ताकि उन्हें किसी भी संक्रामक बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर के कार्डियोलॉजी विभाग के डायरेक्टर एवं हेड डॉ. आरके टोंगिया ने कहा, टीकाकरण सभी उम्र के व्यक्तियों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रिवेंटिव उपाय है।

जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती जाती है, जिससे हम संक्रमण और अन्य पुरानी बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। वयस्कों के टीकाकरण से बीमारियों की बढ़ोतरी में कमी लाने, अस्पताल में भर्ती होने से रोकने और जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है। हमारा लक्ष्य टीकों को सुलभ बनाकर और निरंतर जागरूकता अभियानों के माध्यम से उनके लाभों को बढ़ावा देकर सामुदायिक स्वास्थ्य को बढ़ाना है। नीरव बंसल, जोनल डायरेक्टर, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर ने कहा, हमें अपने वयस्क टीकाकरण केंद्र को लॉन्च करके बेहद गर्व और खुशी हो रही है। स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता में, यह केंद्र सभी को विभिन्न बीमारियों से बचाने के लिए सुलभ और व्यापक टीकाकरण सेवाएँ प्रदान करेगा। हमारी समर्पित टीम उच्चतम मानक देखभाल प्रदान करने के लिए तैयार है, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षित और सहायक वातावरण में आवश्यक टीकाकरण मिले। फोर्टिस में, आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है, और यह नई सुविधा हमारे कम्युनिटी की भलाई की रक्षा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## घुमंतू समाज के लोगों ने किया मुख्यमंत्री के जांच के आदेश के बाद मालवीय नगर थाना कर्मियों का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )**। राजधानी जयपुर के मालवीय नगर थाना इलाके में स्थित अपेक्स हॉस्पिटल के पीछे लगभग पचास वर्ष से रह रहे लोहार समाज के बीस परिवारों को आठ जून को अवैध तरीके से बेदखल कर भूमाफिया को लाभ पहुंचाने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की मिली भगत की मुख्यमंत्री की ओर से मिली जांच के आदेश के बाद भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष और पदाधिकारी सहित पीड़ित परिवार के सदस्यों ने शनिवार को मालवीय नगर थाना अधिकारी कमल नयन को गुलाब का फूल एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। इसके अलावा थाने परिसर में मौजूद सभी पुलिस कर्मियों को गुलाब का फूल देकर धन्यवाद दिया। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष अनीष कुमार ने बताया कि मामले की शिकायत लेकर वह मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे थे। लेकिन इतनी जल्द वह जांच के आदेश देंगे,इसका पता नहीं था। हम लोग इस जांच से खुश है और मुख्यमंत्री की इस संवेदनशीलता का धन्यवाद देने के लिए इस मामले की जांच कर रहे मालवीय नगर थाना अधिकारी तथा थाना कर्मियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तस्वीर एवं गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया गया है।

## पुलिस हेड कांस्टेबल दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )**। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की सीकर टीम ने शनिवार को झुंझुनूं में कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना मुकुन्दगढ़ जिला झुंझुनूं के पुलिस हेड कांस्टेबल संदीप कुमार जाट को परिवादी से दस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की सीकर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके विरूद्ध दर्ज मुकदमें में मदद करने की एवज में पुलिस हेड कांस्टेबल संदीप कुमार जाट की ओर से अठाईस हजार रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी सीकर टीम के पुलिस उप अधीक्षक रविन्द्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए हेड कांस्टेबल संदीप कुमार जाट को दस हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है।

## शराब की दुकान का विरोध

### लोगों ने दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )**। महेश नगर थाना इलाके के गुर्जर की थड़ी स्थित बाबा रामदेव नगर में शराब की दुकान खुलने की खबर के साथ ही विरोध भी शुरू हो गया है। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के बैनर तले स्थानीय लोगों ने बस्तियों में शराब की दुकान का विरोध करते हुए कहा हैं कि इससे बाबा रामदेव नगर में चल रहे नशा मुक्ति अभियान को नुकसान पहुंचेगा। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के पदाधिकारी अनीष कुमार,प्रेम कोली, रोडी देवी, मीरा, मदीना, ग्यारसी,नंदू, डाली, शांति, शकूर, विक्रम तथा अन्य सैकड़ो कार्यकर्ता बाबा रामदेव नगर में सामाजिक उत्थान एवं विकास के लिए सक्रिय है।भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष अनीष कुमार ने यहां पर शराब की दुकान नहीं खोलने की चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर चेतावनी के बावजूद यहां शराब की दुकान खोली जाती है तो इसका विरोध किया जाएगा और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा आबकारी मंत्री को इस मामले में दखल देकर शीघ्र कार्य करने के लिए सोसाइटी पदाधिकारियों के साथ मुलाकात पर ज्ञापन सौंपेगी। फिर शराब की दुकान को बंद करने की मांग को नहीं माना गया तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## जनकपूरी में पाँच दिवसीय महोत्सव मुनि संघ का जयकारों के बीच भव्य मंगल प्रवेश

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )**। बाईसवे तीर्थंकर नेमिनाथ की पावन धरा जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में बाईस थालों में बाईस कलश से पाद प्रक्षालन के साथ मुनि संघ का गाजे बाजे व जयकारों के मध्य भव्य मंगल प्रवेश हुआ । प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि करतारपुरा फाटक पर महिलाओं ने मंगल कलश ले रखे थे तथा यहाँ से मन्दिर जी के मध्य रास्ते में श्रद्धालुओं द्वारा जगह जगह मुनि समत्व सागर मुनि शील सागर का पादप्रक्षालन व आरती के साथ स्वागत किया । मन्दिर जी के बाहर युवा मंच के सदस्यों द्वारा भक्ति के साथ आरती की गई । मन्दिर के बाहर सजे हुए बाईस थालों के मध्य एक और पुरष व दूसरी और महिलाओं ने कलशों से पाद प्रक्षालन किया तथा मन्दिर के गेट पर जनकपूरी प्रबंध समिति के साथ कीर्तिनगर के महामंत्री जगदीश जैन व गायत्रीनगर के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा ने आरती कर परमेष्ठी का स्वागत किया । मन्दिर जी में अभिषेक के बाद मुनि ने ऋद्धि मंत्रों युक्त शांति धारा करायी । इसके बाद जुलूस ने जिनालय में धर्म सभा का रूप ले लिया । धर्म सभा राजस्थान युवा महासभा के पदाधिकारि अध्यक्ष प्रदीप जैन , महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ,सुभाष बज ,भारतभूषण जैन ,अमित शाह शकुन्तला बिंदायक्या द्वारा चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन तथा कनफूल देवी कासलीवाल परिवार द्वारा पादप्रक्षालन व शास्त्र भेंट के साथ शुरू हुई ।

सभा में मनोज झंझरी जगदीश जैन भँवर लाल महेंद्र जैन अभय जैन के अलावा बापूनगर , कीर्ति नगर , गायत्री नगर , महेश नगर आदि स्थानों के श्रावकों की उपस्थिति रही ।

## शादी के बाद दूल्हे के सामने बाइक पर सवार होकर दूसरे युवक के साथ भागी दुल्हन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )**। प्रतापनगर थाना इलाके में शादी के कुछ दिन बाद ही दुल्हन दूल्हे के सामने ही दूसरे युवक के साथ बाइक पर सवार होकर भाग निकली। दुल्हन अपने साथ नकदी व गहने भी ले गई। जांच अधिकारी हेड कॉन्स्टेबल अभय सिंह ने बताया- प्रताप नगर निवासी 35 वर्षीय दूल्हे ने मामला दर्ज करवाया कि परिचित विक्रम और उसकी पत्नी घर मिलने आए थे। बातचीत के दौरान आरोपी दंपती ने उसकी शादी करवाने का झांसा दिया। शादी कराने की एवज में 2 लाख रुपए की डिमांड की। कुछ दिन बाद शादी के लिए लड़की बुलाकर दिखाई। पसंद आने पर शादी कराने के एवज में 2 लाख रुपए ले लिए। 12 जून को प्रताप नगर स्थित एक मंदिर में शादी करवा दी। दूल्हा-दुल्हन के बीच 500 रुपए के स्टाम्प पर शादी का समझौता हुआ। चार-पांच दिन ससुराल में रहने के दौरान गांव में कुछ रस्म निभाने चलने का बहाना बनाया। 17 जून को दूल्हे को साथ लेकर दुल्हन अपने गांव ले गई। अगले दिन सुबह पहुंचने पर मकान के बाहर लॉक लगा मिला। दुल्हन ने कॉल पर किसी से बात करने के बाद दूल्हे को बताया कि मां किसी रिश्तेदार के घर गई है। दो-तीन घंटे में वापस लौट आएगी। उसके कुछ देर बाद बुलेट सवार युवक घर के बाहर आकर रुका। दूल्हे के सामने ही गहने-कैश और कीमती सामान का बैग उठाकर दुल्हन बुलेट सवार साथी के साथ बैठकर चली गई। इंतजार के दौरान दूल्हे को धोखा देकर दुल्हन के भागने का पता चला।

**प्रेमी के साथ भागी विवाहिता :** हरमाड़ा थाना इलाके में एक विवाहिता घर से नकदी व जेवरात समेट कर प्रेमी के संग भाग गई। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल सत्यवीर सिंह ने बताया कि हरमाड़ा निवासी 35 साल के युवक ने मामला दर्ज करवाया कि साल-2012 में उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता है। 5 जून को जॉब पर गया था। दोपहर करीब 12 बजे बेटे ने पिता को कॉल कर मम्मी के ऑटो रिक्शा में बैठकर जाने की जानकारी दी। बिना बताए पत्नी के जाने का पता चलने पर पति घर पहुंचा। घर में रखी अलमारी को संभालने पर लॉकर में रखे सोने-चांदी के गहने और 3 हजार रुपए गायब मिले। रिश्तेदारों-परिचितों के यहां ढूंढने पर भी पत्नी का पता नहीं चल सका।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )**। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शिव विहार कॉलोनी रोड नंबर पांच सीकर रोड पर भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ । इसी कड़ी में शनिवार को भव्य कलश यात्रा श्याम धाम आश्रम रोड नंबर पांच सीकर रोड से शुरू होकर कथा स्थल पर पहुंची। वहीं रास्ते में जगह-जगह शोभायात्रा का स्थानीय निवासियों और जन प्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। यात्रा की खास बात यह रही कि महिलाएं एक ही गणवेश में तुलसी के पौधे लगे गमले लेकर चल रही थी और पर्यावरण का संदेश दे रही थी। कथा स्थल पहुंचने के बाद कथा संयोजक वेद गोपीनाथ तिवारी मोरिजा वाले और भक्तों ने व्यास पीठ की पूजन आरती कर कथा की । विधिवत शुरुआत हुई। जगतगुरु निंबार्काचार्य पीठाधीश्वर राधा मोहन शरण देवाचार्य महाराज ने अपनी संगीतमय वाणी से भक्तों को कथा का श्रवण करवा रहे है।

कथा संयोजक ने बताया की 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रवचन दीक्षा गुरु पूजन का आयोजन होगा नए भक्तों को दीक्षा दी जाएगी।

## एटीएम तोड़कर और पासवर्ड नंबर लगाकर पन्द्रह लाख उन्नीस हजार रुपये चुराने वाले गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)**। रामगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एटीएम तोडकर और पासवर्ड नंबर लगाकर पन्द्रह लाख उन्नीस हजार रुपये चुराने वाले गिरोह का खुलासा कर दो बदमाशों को धर-दबोचा है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से एटीएम से चोरी किए हुए रुपये भी बरामद किए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि रामगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दस जुलाई को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बैंक एटीएम को तोड़कर और पासवर्ड नंबर लगाकर पन्द्रह लाख उन्नीस हजार रुपये चुराने वाले गिरोह के शातिर बदमाश रोहिताश कुम्हार(25) निवासी मालाखेड़ा जिला अलवर और रोहिताश सिंह (25) निवासी कसौला चौक जिला रेवाड़ी (हरियाणा) को गिरफ्तार कर उनके पास से चुराए गए पन्द्रह लाख उन्नीस हजार रुपये बरामद किए है।

# सावन में कई राशियों पर बरसेगी भोलेनाथ की विशेष कृपा सावन- ग्रह-गोचर से इस बार बेहद खास है महीना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )**। सावन का महीना जल्द ही प्रारंभ होने जा रहा है। हिंदू धर्म में सावन के महीने का विशेष महत्व होता है। सावन का महीना भगवान शिव को बहुत ही प्रिय होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन माह में भगवान शिव की उपासना का विशेष लाभ मिलता है और हर एक मनोकामना जरूर पूरी होती है। आषाढ़ माह के खत्म होने के बाद सावन महीने की शुरुआत होती है। सावन में पूजा-पाठ और शिवलिंग पर जलाभिषेक करने पर भक्तों के जीवन में सुख-समृद्धि आती है। ज्योतिषाचार्य पंडित बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि इस बार सावन का महीना बहुत ही खास रहने वाला है क्योंकि इसमें कई तरह के दुर्लभ संयोगों का निर्माण हो रहा है। सावन माह में कुछ राशि वालों पर भगवान भोलेनाथ की विशेष कृपा रहने वाली है।

**सावन माह में दुर्लभ संयोग :** हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष सावन माह की शुरुआत 22 जुलाई से हो रही है, जिसका समापन 19 अगस्त को होगा। इस तरह से सावन के महीना पूरे 29 दिनों का होगा। इसके अलावा इस बार सावन पर बहुत ही दुर्लभ संयोग बना हुआ है, दरअसल इस बार सावन महीने की शुरुआत पहले सोमवार से हो रही है और समापन भी सावन के सोमवार पर होगी। 29 दिनों के



सावन के महीने में कुल पांच सोमवार आएंगे। इसके अलावा सावन के महीने में ग्रहों, नक्षत्रों और योगों का कई तरह का शुभ संयोग भी बनने वाला है। सावन के पहले सोमवार पर प्रीति, आयुष्मान और सर्वार्थ सिद्धि योग का शुभ संयोग बनेगा। सावन माह में ग्रहों के संयोग से शक्रादित्य, बुधादित्य, नवपंचम, गजकेसरी, कुबेर और शश जैसे राजयोगों का निर्माण होगा।

### सावन माह इन राशियों के लिए विशेष शुभ

**मेष राशि :** मेष राशि के जातकों के लिए सावन का महीना बहुत ही भाग्यशाली साबित होगा। इस पूरे माह में आपके ऊपर भगवान भोलेनाथ की कृपा बरसेगी। सुख-सुविधाओं में इजाफा देखने को मिलेगा। धन लाभ के सुनहरे मौके मिलेंगे। आपके जो काम काफी दिनों से अटके हुए उसके पूरे होने की प्रबल संभावना है। भाग्य का अच्छा साथ मिलने से तरक्की और धन अर्जित के कई मौके मिलेंगे। नौकरीपेशा जातकों को नौकरी के अच्छे मौके हासिल होंगे। व्यापार में पूरे महीने अच्छा मुनाफा होता दिखाई पड़ रहा है।

**सिंह राशि :** सिंह राशि के लोगों के लिए इस बार सावन महीना बहुत ही खास रहेगा। आपके जीवन में इस माह खुशियां ही खुशियां आएंगी। लाभ के अच्छे अवसरों में वृद्धि होगी। करियर में आप अच्छा लाभ और ऊंचाइयों को हासिल करने में कामयाब होंगे। इस माह भगवान शिव की विशेष कृपा आपको मिलेगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में इजाफा देखने को मिलेगा। व्यापार में अच्छे मुनाफे का योग बन रहा है।

### मकर राशि

मकर राशि के जातकों को सावन महीने में कई तरह के अवसरों की प्राप्ति होगी। भगवान भोलेनाथ की विशेष कृपा होने से आपके अटके हुए काम इस माह जरूर पूरे होंगे। जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों में आपको कामयाबी मिलेगी। भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा जिससे आप धन अर्जित करने के कई सुनहरे आपके हाथ लगेंगे। सुख-सुविधाओं में इजाफा देखने को मिलेगा। सेहत अच्छी और परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

### धनु राशि

धनु राशि के जातकों के लिए सावन का महीना बहुत ही शुभ और अच्छा बीतने वाला होगा। सभी कामों में तेजी आएगी। कार्यों में सफलता मिलेगी और अटका हुआ धन फिर से मिलेगा। नौकरीपेशा जातकों के लिए यह महीना किसी वरदान से कम नहीं होगा। आय के नए-नए स्त्रोत मिलेंगे। आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी।

### प्रदर्शनी का दूसरा दिन, भारी संख्या में पहुँचे विज़िटर्स

# योगी रामदेव, निर्मला सीतारमन और पंकज उदास के चित्रों ने खींचा ध्यान



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )**। जवाहर कला केंद्र में 76 वर्षीय कलाकार प्रताप कुमार भाटिया की ओर से आयोजित कला प्रदर्शनी के दूसरे दिन की शुरुआत मुख्य अतिथि मुख्य न्यायाधीश एन.के. जैन (सेवानिवृत्त, सिक्किम उच्च न्यायालय) और विशिष्ट अतिथि विनोद गुप्ता, प्रबंध निदेशक, श्रीकृष्ण स्टील रोलिंग मिल्स ने दीप प्रज्वलन करके की। इस मौके पर सभी अतिथियों ने भाटिया की कला की सराहना करते हुए उनके जज़्बे व हुनर को सलाम कहा। प्रदर्शनी सुरेख दीर्घा में 14 जुलाई तक सुबह 11 से शाम 7 बजे तक प्रदर्शनी लगाई गई है जहां 150 से अधिक पेंसिल स्केच प्रदर्शित किए जा रहे हैं।प्रताप भाटिया ने दोनों अतिथियों को विभिन्न विषयगत स्केच संग्रहों के बारे में बताया। दोनों ने बड़ी रुचि दिखाई और कई प्रश्न पूछे। पक्षियों के संग्रह की उन्होंने सराहना की और विलुप्त पक्षी डोडो के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने निर्मला सीतारमण, विपिन रावत सीडीएस, योगी रामदेव और पंकज उदास जैसी हस्तियों के स्केच पर चर्चा की। न्यायमूर्ति जैन ने 76 वर्ष की आयु में भी भाटिया की इस शौक के प्रति गहरी रुचि की प्रशंसा की, जब लोग आमतौर पर सेवानिवृत्त जीवन व्यतीत करने में रुचि रखते हैं। इस बीच किशनगढ़ के प्रमुख उद्योगपति श्री मुकेश अग्रवाल अपने परिवार के साथ प्रदर्शनी देखने के लिए पहुंचे और रामलला, डोडो, और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्केच देखकर मंत्रमुग्ध हो गए।

अगले वर्ष विभिन्न भावों वाले मानवीय चेहरे और भगवान गणेश के चित्रों के साथ लौटेंगे। भाटिया ने अगले वर्ष प्रदर्शनी लगाने की योजना अभी से तैयार की हुई है।

वे बताते हैं कि अगले वर्ष विभिन्न थीम जैसे मानवीय चेहरे के विभिन्न भाव, बर्तन और उपकरण, और भगवान गणेश के विभिन्न चित्रों के साथ प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।

## सम्पादकीय

# मुस्लिम महिलाओं को भी अब तलाक के बाद मिलेगा भत्ता, सुप्रीम कोर्ट से मिला गुजारे का हक

तलाकशुदा मुसलिम महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता संबंधी सर्वोच्च न्यायालय का फैसला ऐतिहासिक है। न्यायालय ने कहा है कि हर महिला को गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है, चाहे वह किसी भी धर्म की हो। दरअसल, अभी तक मुसलिम पर्सनल कानून के तहत तलाकशुदा महिलाओं का गुजारा भत्ता तय होता था। शरीअत कानून के मुताबिक इद्दत की अवधि तक ही तलाकशुदा महिला को गुजारा भत्ता दिया जा सकता है। इद्दत यानी तीन महीने की वह अवधि, जिसमें महिला किसी दूसरे के साथ विवाह नहीं कर सकती। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 125 को सभी महिलाओं पर समान रूप से लागू करार देते हुए कहा कि इद्दत के बाद भी महिलाएं गुजारा भत्ते का दावा कर सकती हैं। हैदराबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले में फैसला दिया था कि पति अपनी तलाकशुदा पत्नी को गुजारा भत्ता दे। उसी फैसले को पति ने सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उसकी दलील थी कि मुसलिम महिला (विवाह विच्छेद पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 के चलते, तलाकशुदा मुसलिम महिला दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता नहीं ले सकती। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया कि धर्मनिरपेक्ष कानून पर यह धारा आरोपित नहीं की जा सकती।


मुसलिम महिलाओं के गुजारा भत्ते संबंधी विवादों पर पहले भी अदालतें सहानुभूति पूर्वक विचार कर चुकी हैं। करीब दो वर्ष पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला दिया था कि तलाक के बाद महिला को पति से गुजारा भत्ता पाने का पूरा हक है। मद्रास उच्च न्यायालय ने स्पष्ट कह दिया था कि शरीअत काउंसिल कोई अदालत नहीं है और न उसे कानून बनाने का हक है, तलाकशुदा औरतों को अपने पहले शौहर से गुजारा भत्ता मिलना ही चाहिए। इसी साल बंबई उच्च न्यायालय ने कहा कि तलाकशुदा महिला अगर दूसरी शादी कर लेती है, तब भी वह अपने पहले पति से गुजारा भत्ता मांग सकती है। सर्वोच्च न्यायालय ने उन तमाम फैसलों पर अपनी मुहर लगा दी है। मुसलिम महिलाएं तीन तलाक और गुजारे भत्ते की परंपरा के कारण सदियों से अत्याचार सहन करती आ रही हैं। तीन तलाक के विरुद्ध कानून बन जाने से उन्हें काफी राहत मिली। अब तलाक के बाद दूसरे धर्मों की महिलाओं की तरह ही गुजारा भत्ता पाने का कानून स्थापित हो जाने के बाद उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसला के बाद जो महिलाएं गुजारा भत्ते के लिए पहल नहीं करती थीं, वे भी दावा पेश करेंगी।

भारतीय समाज में आज भी अधिकतर महिलाएं विवाह के बाद अपने पति पर निर्भर हैं। अगर किन्हीं स्थितियों में पति उन्हें छोड़ देता है, तो उनका भरण-पोषण मुश्किल हो जाता है। जिन महिलाओं के कंधों पर बच्चों को पालने, पढ़ाने-लिखाने का बोझ है, उन पर तो जैसे मुसीबतों का पहाड़ ही टूट पड़ता है। बहुत सारी तलाकशुदा मुसलिम औरतें दुबारा शादी नहीं करतीं, इसलिए केवल इद्दत तक गुजारा भत्ता पाने से उनके जीवन की मुश्किलें दूर नहीं हो पातीं।

# नेपाल : जहाँ राजनीतिक स्थिरता मायावी बनी हुई है और 2008 के बाद से 13 अलग-अलग सरकारें बदल चुकी हैं!

**नेपाल में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल उर्फ प्रचंड ने शुक्र वार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, वह संसद में विश्वासमत हासिल करने में नाकाम रहे। वे सिर्फ 1 साल 6 महीने ही प्रधानमंत्री रह पाए। फ्लोर टेस्ट में उन्हें 275 में से सिर्फ 63 सांसदों का साथ मिला। नेपाल की नेशनल असेंबली के 194 सांसदों ने उनके खिलाफ वोट किया। उन्हें सरकार बचाने के लिए 138 सांसदों के समर्थन की जरूरत थी। अब, एक नए मोड़ में, यह गठबंधन भी समाप्त हो गया है, जिससे ओली प्रचंड के पद पर आसीन होने के लिए तैयार हैं, जो हिमालयी राष्ट्र में एक नया अध्याय जोड़ रहा है, जहां राजनीतिक स्थिरता मायावी बनी हुई है और 2008 के बाद से 13 अलग-अलग सरकारें रही हैं, जब सदियों पुरानी राजशाही को समाप्त कर दिया गया था और नेपाल एक गणराज्य में बदल गया था।**

अशोक भाटिया।



नेपाल में आज पुष्प कमल दहल उर्फ प्रचंड की सरकार गिरने के बाद केपी शर्मा ओली ने सरकार बनाने का दावा पेश किया गया है। द काठमांडू पोस्ट के मुताबिक ओली ने नेपाली कांग्रेस के शेर बहादुर देउबा के साथ राष्ट्रपति को सरकार बनाने की अर्जी सौंपी थी । उन्हें आज दोपहर तक प्रधानमंत्री बना दिया जाएगा और साथ ही उनका शपथ ग्रहण आज ही दोपहर तक हो जाएगा।ओली और देउबा के बीच हुई डील के मुताबिक दोनों अगले चुनाव तक बारी-बारी प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे। सरकार चलाने के लिए दोनों के बीच 7 पॉइंट एग्रीमेंट बना है। इस महीने की शुरुआत में चीन समर्थक केपी शर्मा ओली की पार्टी सीपीएन-यूएमएल ने प्रधानमंत्री प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल से गठबंधन तोड़ लिया था। इसके बाद उनकी सरकार अल्पमत में आ गई थी। नेपाल के संविधान के आर्टिकल 100 (2) के तहत उन्हें एक महीने में बहुमत साबित करना था। वे ऐसा नहीं कर पाए।


गौरतलब है कि जुलाई 2021 नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री खड्ग प्रसाद शर्मा ओली ने में अपने विदाई भाषण में कहा था कि मेरे पास जनादेश था, लेकिन अदालत का आदेश देउबा के पक्ष में गया। यह बात तब कही गई थी जब सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने फैसला सुनाया था कि राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी द्वारा प्रधानमंत्री ओली की सिफारिश पर प्रतिनिधि सभा को भंग करना गैरकानूनी था। अब, जुलाई 2024 में, नेपाली कांग्रेस (एनसी) के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष ओली के पक्ष में हैं, जिससे उनका चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में लौटना हो रहा है। और, सहयोगी के रूप में उनकी पहली जीत तब हुई जब मौजूदा प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने शुक्रवार को संसद में विश्वास मत खो दिया।महीने की शुरुआत में एक गुप्त बैठक के दौरान , 78 वर्षीय देउबा और दो सबसे बड़ी पार्टियों के प्रमुख 72 वर्षीय ओली ने शुरुआत में ओली के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बनाने का फैसला किया था, जिसका नेतृत्व 22 महीने बाद देउबा करेंगे। देखा जाय तो नेपाल के दिग्गज कम्युनिस्ट नेता ओली का राजनीतिक करियर उतार-चढ़ाव भरा रहा है, जो उनकी राष्ट्रवादी बयानबाजी और पड़ोसी भारत के साथ टकराव की वजह से खासा चर्चित रहा है। ओली ने 2015-2016 और 2018-2021 में दो बार नेपाल के प्रधानमंत्री के तौर पर काम किया है, लेकिन एक विवादित फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें पद से हटा दिया था। नेपाली राष्ट्रवाद के चेहरे के रूप में देखे जाने वाले ओली की राष्ट्रवादी बयानबाजी और आलोचकों तथा विरोधियों के प्रति टकरावपूर्ण दृष्टिकोण ने उन्हें प्रशंसा और आलोचना दोनों ही दिलवाई। जहां उनके समर्थक उन्हें नेपाली संप्रभुता के चैंपियन के रूप में देखते थे, वहीं उनके आलोचकों ने उन पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने और आर्थिक वृद्धि और विकास में विफल रहने का आरोप लगाया। उनकी लोकप्रियता तब और बढ़ गई जब नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (यूएमएल) ने पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी-केंद्र) के साथ चुनाव-पूर्व गठबंधन करके 2018 के चुनावों में दो-तिहाई बहुमत हासिल किया। इस गठबंधन के कारण दोनों दलों का नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी में ऐतिहासिक विलय हुआ, जिसमें ओली और प्रचंड सह-अध्यक्ष बने और प्रधानमंत्री का कार्यकाल साझा करने पर सहमत हुए। ओली के कार्यकाल में समृद्ध नेपाल, सुखी नेपाली जैसे महत्वाकांक्षी वादे देखे गए, लेकिन उम्मीदों के पूरा न होने और सत्ता के केंद्रीकरण से यह खराब हो गया, जिसमें जांच एजेंसियों को प्रधानमंत्री कार्यालय के अधीन लाना भी शामिल था। प्रचंड के साथ सत्ता-साझाकरण समझौते का सम्मान करने की उनकी अनिच्छा और वफादारों के साथ तरजीही व्यवहार ने पार्टी के अंदरूनी संघर्षों को जन्म दिया, जिसके परिणामस्वरूप प्रचंड ने समर्थन वापस ले लिया और गठबंधन में विभाजन हो गया। ओली की सत्ता पर पकड़ तब और कमज़ोर हो गई जब उन्होंने 20 दिसंबर, 2020 को अचानक संसद को भंग कर दिया, जिसमें उन्होंने अपने वादों को पूरा करने में बाधा का हवाला दिया, जबकि इस तरह के कदम के खिलाफ संवैधानिक प्रतिबंध हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस विघटन को रद्द कर दिया, संसद को बहाल कर दिया, लेकिन ओली को संसदीय सत्रों से बचने और अध्यादेश द्वारा शासन करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। मई 2021 में विश्वास मत विफल होने के बाद, उन्हें अनुच्छेद 76(3) के तहत प्रधान मंत्री के रूप में फिर से नियुक्त किया गया क्योंकि विपक्षी दलों में से कोई भी निर्धारित समय सीमा के भीतर बहुमत वाली सरकार नहीं बना सका या अपना दावा पेश नहीं कर सका, राष्ट्रपति ने 22 मई, 2021 की आधी रात को प्रतिनिधि सभा को भंग कर दिया और ओली अल्पमत के प्रधानमंत्री बन गए। नतीजतन, ओली सरकार 12 से 19 नवंबर, 2021 तक नए चुनाव होने तक अंतरिम सरकार बन गई। इस कार्रवाई को चुनौती दी गई और 12 जुलाई 2021 को सुप्रीम कोर्ट ने न केवल विघटन को रद्द कर दिया, बल्कि ओली की नियुक्ति को भी रद्द कर दिया, और शेर बहादुर देउबा को प्रधान मंत्री के रूप में नियुक्त करने का निर्देश दिया।2022 के चुनावों के बाद, जिसमें एनसी सबसे बड़ी पार्टी बनी, दूसरे स्थान पर सीपीएन-यूएमएल रही, जबकि माओवादी केंद्र पार्टी तीसरे स्थान पर रही। सीपीएन-माओवादी केंद्र के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल ने प्रधानमंत्री पद के लिए अपना दावा पेश किया। हालाँकि, संसद में बहुमत रखने वाली एनसी ने उन्हें नया प्रधानमंत्री मानने से इनकार कर दिया। इसके बाद, दहल ने अपनी उम्मीदवारी को मजबूत करने के लिए सीपीएन-यूएमएल और नई उभरी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से समर्थन मांगा और दहल को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया, जिससे ओली किंग मेकर की भूमिका में आ गए। हालांकि, मार्च 2023 में रणनीति में बदलाव करते हुए, दहल ने राष्ट्रपति पद के लिए एनसी नेता राम चंद्र पौडेल का समर्थन करने पर सहमति जताई, जिसके परिणामस्वरूप एनसी, माओवादी पार्टी और दो छोटी पार्टियों के बीच गठबंधन का गठन हुआ। इस कदम ने ओली की सीपीएन-यूएमएल को विपक्ष में धकेल दिया। फिर भी, सिर्फ़ एक साल बाद ही आंतरिक तनाव और विफल वादों ने एनसी-माओवादी गठबंधन को कमजोर कर दिया, जिससे माओवादियों को यूएमएल के साथ गठबंधन संबंधों को पुनर्जीवित करने के लिए प्रेरित होना पड़ा। बातचीत के परिणामस्वरूप अंततः दहल और ओली ने गठबंधन बनाने के लिए सुलह कर ली।

## शख्सियत

**चाय ही एक माध्यम है गुफ्तगू का, ये कप नहीं बल्कि न दिखने वाला दर्द, प्यार, स्नेह और हम-दम का प्याला है**

चाय की चर्चा हो और सुरेश जी का नाम ना आए ये हो नहीं सकता । हजारों लोगों के दिलों में राज करने वाले ,सोते हुओ को नींद से जगाने वाले। हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं। सुरेश गुप्ता जोकि एक चाय व्यसायी व निर्माता हैं। उनके परिवार द्वारा चाय का व्यवसाय सन् 1975 में अलवर से मद्रास एजेन्सी के नाम सें प्रारंम्भ किया था। उन्होंने अपनी पढाई सन् 1982 में पूरी की ओर अपने घरेलू व्यवसाय में प्रवेश किया तथा उसें सम्भालना शुरू किया। सन् 1988 में उनके द्वारा जयपुर में भी चाय का व्यवसाय प्रारंम्भ किया गया। जयपुर व्यवसाय में पहले इनका कार्य क्षेत्र सिर्फ अलवर और भरतपुर जिलें में ही सीमित था। जब से जयपुर में व्यवसाय प्रारंम्भ किया गया तब से राजस्थान के सभी जिलों में इनकी चाय के व्यवसाय ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज इनके द्वारा चाय के व्यवसाय में खुली चाय तथा पैकेट में पैक चाय भी उपलब्ध हैं। पैक चाय में इनके कई ब्राण्डस् शामिल हैं। जैसे के नीलकण्ठ गोल्ड, शिवानी गोल्ड, कैप्टन गोल्ड, बॉकेलाल गोल्ड, कल्याण गोल्ड, के नाम से आतें हैं। अभी कुछ समय पूर्व हमारे द्वारा एक ओर नई ब्राण्ड शामिल की गई हैं जिसका नाम प्रिमियम क्वालिटी कोपरलीफ के नाम से बाजार में उपलब्ध करवाई हैं। इस नई ब्राण्ड का बाजार से इन्हें बहुत अच्छा रेस्पान्स मिल रहा है। इनकी आधा दर्जन फर्मस् से जैसे. मद्रास एजेन्सी, शक्ति मर्चेन्ट प्राईवेट लिमिटेड, जयपुर, शक्ति एजेन्सी, मद्रास टी कम्पनी, जयपुर, कोपरलीफ इन्फ्रा, जयपुर व गौरव टी कम्पनी, अलवर काफी नाम रोशन किया है जो कि एक ब्राण्ड बन चुकी है। ये बहुत संस्थान से भी जुड़े हुए हैं जैसे

जय कृष्ण क्लब,महावीर इंटरनेशनल लघु उद्योग संघ,रेड क्रॉस सोसायटी ,रोटरी ब्लड बैंक व महावर समाज के सभी संस्थान आदि। इन्होंने सामाजिक परोपकार के लिये सन् 2013 में रोटरी क्लब ऑफ, अलवर में ज्वाइन किया। 1 जुलाई 2016 से 30 जून 2020 तक ये वाइस प्रिसिडेन्ड के पद पर कार्यरत रहा। जुलाई 2020 से 30 जून 2021 तक ये रोटरी क्लब ऑफ, अलवर के प्रिसिडेन्ड के पद पर कार्यरत रहे। 1 जुलाई 2022 से 30 जुन 2023 तक मै ड्रिस्ट्रीक 3053 के असिस्टेट गर्वनर के पद पर कार्यरत रहे। इनके प्रिसिडेन्ड काल में कोविड महावारी का ज्यादा प्रकोप था। उस दौरान भी क्लब



सुरेश गुप्ता
(चाय निर्माता)

के सभी साथियो के सहयोग से पौधारोपण, रक्त दान शिविर, आयुर्वेदिक काढा वितरण, मास्क वितरण, पक्षियों के लिये परिंडे, गीताजली हॉस्पिटल के रु.हृ.ष्ट.. वार्ड को भी गोद लेकर बच्चों के लिये एयर कडींशनर, कूलर और गीजर जैसे कार्य भी करवाये गये थे।ये कहते हैं कि लिये सबसें आन्नदित क्षण वह होता हैं, जब ये मेरे रोटेरियन साथीयो के जन्मदिन और उनकी शादी की सालगिरह पर उनके घर जाकर उन्हें बधाईयां देता है । रोटेरियन साथीयों और उनके परिवार जनों को बहुत खुशी होती है कि इस कोरोनाकाल में भी मैं उनके परिवार के साथ उनकी खुशीयों में शामिल होता था। दैनिक बढ़ता राजस्थान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## आज का इतिहास

### 14 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- बेलग्रेड के युद्ध में हंगरी ने 1456 में ऑटोमन को पराजित किया।
- फ्रांस एवं पुर्तागल ने 1536 में स्पेन के खिलाफ लियोंस के नौसैनिक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- मुगल बादशाह शाहजहां ने 1636 में औरंगजेब को दक्कन का वायसराय नियुक्त किया।
- अमेरिकी कांग्रेस ने 1798 में 'राजद्रोह एक्ट' को मंजूरी दी। इसके बाद सरकार के खिलाफ गलत या भ्रम फैलाने वाली बात लिखना, छापना या बोलना अपराध बन गया।
- कृत्रिम तौर पर (मशीन द्वारा) जमाई गई बर्फ का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन 1850 में हुआ।
- कॉट लिंग नामक अमरीकी व्यक्ति ने 1861 में मशीनगन बनाई।
- अमेरिका के मोन्टाना प्रांत की राजधानी हेलेना में 1864 को सोने की खोज।
- यूरोपीय गुट ने 1900 को चीन में बॉक्सर विद्रोहियों के कब्जे से तिएन्तसिन को वापस लिया।
- पहले तरल ईंधन आधारित रॉकेट की डिजाइन का पेटेंट रॉबर्ट एच गोगार्ड ने 1914 में हासिल किया।
- हवाई द्वीप में विमान की पहली व्यावसायिक उड़ान 1927 में शुरू हुई।
- जर्मनी में नाजी पार्टी को छोड़ शेष सभी को गैरकानूनी घोषित किया गया और दमनकारी नीति की शुरूआत 1933 में हुई।
- द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी के बमवर्षक विमानों ने 1940 में स्वेज पर बमबारी किया।
- सीबीएस चैनल पर घुड़दौड़ के रूप में किसी खेल कार्यक्रम का पहली बार रंगीन प्रसारण 1951 में किया गया।
- इराक़ में जनरल अब्दुल करीम के विद्रोह के बाद राजशाही व्यवस्था का अंत और प्रजातंत्र की स्थापना 1958 में हुई।
- मंगल के पास से गुजरने वाले नासा के अंतरिक्ष यान ने 1965 में किसी दूसरे ग्रह की पहली क्लोज अप तस्वीरें खींची।
- जयपुर में 1969 को मालगाड़ी और पसेंजर ट्रेन की टक्कर में 85 लोगों की मौत।
- अमेरिका के वित्त मंत्रालय और फेडरल रिजर्व सिस्टम ने 1969 में 500, 1,000, 5,000 और 10,000 डॉलर के नोटों का इस्तेमाल बहुत कम होने के कारण तुंरत प्रभाव से रोकने की घोषणा की।

## विशेष आलेख

# विचार-मंथन : नशे का विकराल तथा खतरनाक वैश्विक स्वरूप

हर तरह के एक सूखे और अन्य नशे से न सिर्फ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक संरचना कमजोर होती है, बल्कि परिवार, समाज और देश के आर्थिक तंत्र पर बड़ी चोट लगती हैद्य वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है और उसकी सांसे नशे के नियंत्रण में ही हैं। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विश्वव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। ये एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है ।वहीं दूसरी तरफ नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है। मादक पदार्थों की नशे की लत आज के युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए यह मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल,तरल इरेज़र, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघकर नशे का आनंद लेते हैं। कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है। और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है। पहले इन लोगों को मादक पदार्थों की मुफ्त में लग लगाकर सबको इसका आदी बनाया जाता है,और फिर ऐसी नशे की लत में युवा तथा बच्चे चोरी, डकैती,पॉकेट मारी, घर के पैसे, रुपए, जेवरात चुराने की हरकतें करने लगते हैं,जो न सिर्फ कानूनी अपराध है बल्कि समाज की बहुत बड़ी विसंगति भी है। कई बार बच्चे घर के ही बड़े सदस्यों को देखकर यह नशा करने लगते हैं कि जब बड़े कर रहे हैं तो उन्हें भी यह करने में कोई बुराई नजर नहीं आती है। और फिर इनके द्वारा शुरू होता है असामाजिक कार्यों का सिलसिला धीरे-धीरे युवा नशे की लत में अपराध जगत की ओर बढ़ने लगता है। चिकित्सकीय आधार पर देखा जाए तो हीरोइन चरस कोकीन गांजा जैसे मादक पदार्थों के नशे की गिरफ्त में आकर अपना मानसिक संतुलन खो देते हैं, एवं पागल तथा सुसुप्ता अवस्था में चले जाते हैं, नशे की लत शरीर को सुस्त कर म्रत्यु की ओर ले जाती है। और नशे की लत में मानसिक संतुलन खोकर व्यक्ति बड़े-बड़े अपराध तक कर बैठता है।, नशे की लत का मामला न सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़ा होकर बल्कि अपराध जगत से भी जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि जीवन अनमोल है और इस अनमोल जीवन को नशे की लत में नष्ट कर समय से पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने के साथ-साथ मादक पदार्थों से मुकाबले के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों तथा इसके मार्ग में उत्पन्न चुनौतियों तथा निवारण का सही सही उपचार भी बताता है। वैसे इतने घातक तथा खतरनाक नशे की लत को केवल 26 जून को नशा निरोधक दिवस बना कर इतिश्री नहीं कर लेना चाहिए, बल्कि इसके विरुद्ध हर देश को एक व्यापक जन अभियान भी चलाना चाहिए। 26 जून का दिन मादक पदार्थों से मुकाबले का प्रतीक बन गया है। और इस दिवस पर मादक पदार्थों के उत्पादन तस्करी तथा सेवन के



दुष्परिणामों से बचने के उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा भी की जानी चाहिए। भारत दक्षिण एशियाई देशों के मध्य हीरोइन का बड़ा उपभोक्ता देश बनते जा रहा है। भारत के कई भूभाग पर अफीम की खेती भी की जाती है। पारंपरिक तौर पर किस के बीच पोस्तों से सब्जी बनाकर खाई जाती थी, किंतु कालांतर में इसका उपयोग एक मादक पदार्थ के रूप में आरंभ हुआ जिसने एक बहुत बड़ा खतरनाक रूप ले लिया। एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 12 से 60 साल की उम्र के लोगों में नशे की लत लगभग 1.6% देखी गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में जिस अफीम की हीरोइन में तब्दील नहीं किया जाता उसका दो तिहाई हिस्सा 5 बड़े देशों में इस्तेमाल होता है इसमे ईरान 42%, अफगानिस्तान पाकिस्तान 7%,भारत खुद 6% तथा रूस में इसका 5% उपयोग होता है। भारत में 2008 में 17 मि,टन हीरोइन की खबत होती थी,और वर्तमान में भारत में अफीम की खपत 65 से 70 मी,टन प्रति वर्ष होने लगी है। यह विश्व में इस्तेमाल होने वाली अफीम का 6% है। भारत में ही अफीम की 1500 से लेकर 2000 हेक्टेयर में अफीम की अवैध खेती होती है। यह तथ्य वास्तव में देश के लिए और देश के युवा तथा बच्चों के लिए अत्यंत खतरनाक है। इस पर शासन प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रख इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। भारत में शराब सेवन करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है साथ ही मध्य पान के कारण 1500 से दो हजार भारतीय आज शराब के नशे में प्रतिवर्ष मरने भी लगे हैं। आज की स्थिति में हर 20 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति शराबखोर है।पुरुष तो पुरुष महिलाएं भी आज की स्थिति में मध्य पान की ओर आकर्षित हो रही हैं। विशेषकर उच्च तथा मध्यम वर्गीय परिवारों में महिलाएं शराब का सेवन करने लगी है ।इसमें से कुछ महिलाएं खुलेआम कुछ छुप-छुपकर इसका सेवन करती हैं। महानगरों में बड़े शहरों की कामकाजी महिलाओं के छात्रावासों तथा हॉस्टल में महिलाओं का शराब का सेवन तेजी से बढ़ते जा रहा है एक सर्वे के अनुसार करीब 20 से 25% महिलाएं शराब खोरी की गिरफ्त में आ चुकी हैं। यूरोपियन देशों में महिलाओं की नशाखोरी की आदत का प्रतिशत 60% से ऊपर है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बैठकों सेमिनार तथा मीटिंग में शराब का सेवन एकदम आम बात बन गई है। यह एक फैशन की तरह महिलाओं के मध्य फैल कर उन्हें नशे की लत में डुबोने लगा है। मनोवैज्ञानिक डॉक्टरों के अनुसार नशा मनुष्य के जीवन के लिए जहर जैसा है, नशे की लत में वैवाहिक जीवन भी टूटने के कगार पर आ जाता है।मनुष्य के शरीर का लीवर, किडनी तथा अन्य अंग खराब होकर मृत्यु की ओर ले जाने को तत्पर रहते हैं। नशे से दूर रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर भारत में भी अनेक उपाय किए जा रहे हैं। नशा मुक्ति केंद्र तथा नशे के पदार्थों पर चेतावनी आदि लिखने का काम किया जा रहा है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किन बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
स्त्री वर्ग से सहायता प्राप्त होगी। नौकरी व निवेश में इच्छा पूरी होने की संभावना है। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी।

**वृष**
आय में निश्चितता रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। बेवजह किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं।

**मिथुन**
विवाद से क्लेश होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि बाद में पछताना पड़े। दूसरे अधिक अपेक्षा करेंगे।

**कर्क**
मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में चैन बना रहेगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। लेन-देन में लापरवाही न करें।

**सिंह**
पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की बाधा दूर होगी।

**कन्या**
दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। शत्रुभय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**तुला**
निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि तथा सम्मान में वृद्धि होगी। किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। राजभय रहेगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**वृश्चिक**
सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा।

**धनु**
प्रतिद्वंद्विता कम होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बिगड़ सकती है। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मकर**
सही काम का भी विरोध हो सकता है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है।

**कुंभ**
यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। झंझटों में न पड़ें। शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मीन**
व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट आदि से बड़ा फायदा हो सकता है। परिवार की चिंता बनी रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# राज्य सरकार के निर्देशानुसार बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें

## जिले की प्रभारी सचिव अर्चना सिंह ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (का.स.)।** सहकारिता विभाग की रजिस्ट्रार एवं जिले की प्रभारी सचिव अर्चना सिंह ने शनिवार को भारत निर्माण सेवा केंद्र (डीओआईटी) में जिले से संबंधित बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की। इस दौरान उपखंड अधिकारी भी वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े। प्रभारी सचिव ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सभी बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से किया जाना सुनिश्चित करें।

बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए भूमि आवंटन संबंधी कार्यों के प्रस्ताव अविलंब तैयार कर लिए जाएं और इसके लिए जिला कलेक्टर एवं उच्च स्तर से समन्वय रखा जाएं। घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन में अधिकारी गंभीरता बरते। प्रभारी सचिव ने जिले से संबंधित सभी बजट घोषणाओं की एक-एक कर समीक्षा की और अब तक की प्रगति जानी। उन्होंने कहा कि उच्च स्तर पर इनकी नियमित समीक्षा होगी। प्रभारी सचिव ने देवली, मालपुरा व अलीगढ़ शहरी पेयजल योजनाओं में उच्च जलाशय पाइप लाईन संबंधी कार्य, पीपलू में कृषि मंडी की स्थापना, देवली-उनियारा में विभिन्न सड़कों के कार्य, बनास नदी पर डोडवाड़ी से बोरड़ा सड़क मय काजवे का निर्माण, निवाई में नवीन पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण, देवली, मालपुरा निवाई में सीएचसी को उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नयन, डिग्गी को तहसील एवं नगर पालिका के गठन सहित प्रत्येक बजट घोषणा के मध्यनजर संबंधित विभाग द्वारा अब तक की गई कार्यवाही के बारे में जाना और कहा कि जिला स्तर पर भी इनकी नियमित समीक्षा की जाएं। प्रत्येक विभाग को समयबद्ध सीमा के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

**क्रियान्वयन के लिए रोडमैप तैयार :** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने कहा कि जिले से संबंधित बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए रोड मैप तैयार किया गया है। प्रत्येक विभागीय अधिकारी को गंभीरतापूर्वक कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिला और संबंधित विभाग स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा की जाएगी। जिला कलेक्टर ने वीडियों कॉन्फ्रेसिंग से जुड़े उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि चिन्हिकरण का कार्य संबंधित विभाग से जुड़े अधिकारियों से समन्वय बनाकर करें। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिष्ठा पिलानिया, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश चौधरी, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश गोयल, सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार यादव, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता एचएल मीणा, कृषि उपज मंडी के सचिव रतिराम गुर्जर, जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता अशोक कुमार जैन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**प्रभारी मंत्री रविवार को लेंगे बैठक :** ऊर्जा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री हीरा लाल नागर रविवार सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन संबंधी बैठक लेंगे। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी करेंगे।



# वरदान साबित हो रही है लोक अदालतें : न्यायाधीश सिद्धार्थ शर्मा

## राजीनामे करवाकर वर्षो से मनमुटाव के चलते दूर चल रहे पति-पत्नी का करवाया सुलह

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के सभागार में वरिष्ठ सिविल न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ शर्मा की मौजूदगी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिसमें कई मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में वरिष्ठ सिविल न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि लोक अदालत में समय व धन की बचत होती है। जिसमें आपसी समझाईश से राजीनामे करवाकर गम्भीर मामलों का भी निस्तारण करवाया जाता है। सामान्य लोगों के लिए लोक अदालते वरदान साबित हो रही है। इस दौरान वरिष्ठ सिविल न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ शर्मा ने वर्षो से आपसी मनमुटाव को लेकर दूर चल रहे पति-पत्नी के बीच में अथक प्रयासों से सुलह करवाया। इसमें गुड्डी देवी पत्नी धर्मराज बैरवा निवासी सुखडिया नगर ट्रक यूनियन के पीछे ढाणी जुगलपुरा व परसराम शर्मा पत्नी कविता शर्मा गांव मोडयाली ककोड़ के बिच समझाइश करवाकर एक दूसरे के साथ जीवन यापन करने के लिए न्यायालय परिसर में ही एक दूसरे को माला पहनवाकर उम्र भर साथ देने के लिए समझौता करवाया। अपने वैवाहिक जीवन में उन्हें सदैव साथ रहने के लिए माननीय न्यायालय के समक्ष कागजी कार्रवाई के द्वारा समझौता करवाया। वहीं परिवार जनों ने दूसरे का मुंह मीठा करवा कर बधाई दी। इस दौरान लोक अदालत में विद्युत संबंधी शहरी ग्रामीण क्षेत्र विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता कैसी माली, धनराज टाटावत, कनिष्ठ अभियंता राघव जैन, कनिष्ठ अभियंता लकी गोठवाल, शाहिद विद्युत विभाग की कर्मचारी व अधिकारियों द्वारा वीसीआर सहित विद्युत विभाग की बकाया राशि कि राज्य सरकार द्वारा छुठ के अनुसार फैसले किए गए। सहायक अभियंता धनराज टाटावत ने बताया कि लोक अदालत में बिजली विभाग के सहायक अभियंता अ प्रथम के 47 व अ द्वितीय के 67 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। वही लोक अदालत में बड़ौदा बैंक, एसबीआई, इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक, बड़ौदा ग्रामीण बैंक के ब्रांच मैनेजर द्वारा आमजन द्वारा लिए गए ऋण के कई मामलों को कई मामलों का निस्तारण किया गया। एडवोकेट बनवारीलाल यादव ने बताया कि लोक अदालत में राजीनामे करवाकर फौजदारी, सिविल विवाद, बैंक रिकवरी, वैवाहिक विवाद, चैको से सम्बंधित मामले, सिविल, मोटर दुर्घटना, पारीवारिक, श्रम मामले एवं घरेलु हिंसा सहित सैंकडों मामलो का निस्तारण किया गया।

## नल जल मित्रों ने उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार हरसोलिया को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** नल जल मित्रों ने उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपकर वर्षो से कार्यरत जल मित्रों को ही वरियता देने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि नल जल मित्र बीसलपुर जल परियोजना के अन्तर्गत विगत 7-8 वर्षो से नियमित कार्य कर रहे है। इस परियोजना को नल जल परियोजना में जोड़ा जा रहा है। उन्होंने उपखंड अधिकारी हरसोलिया से पुरान टंकी ऑपरेटर को पहले प्राथमिकता देने की मांग की है। उन्होंने यह भी बताया कि सरपंच अपन मनमर्जी से अन्य लोगों को योजना से जोडने का प्रयास कर रहे है। जो उचित नही है। उन्होंने नल जल मित्रों को ही स्थाई रूप रखवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में नेतराम मीणा, मनराज गुर्जर, मुकेश शर्मा, सुदामा यादव, सुरेशकुमार बैरवा, दिनेश कारपेंटर, ईश्वर जाट, दयाशंकर गुर्जर, खुशीराम गुर्जर, सांवलराम मीणा, मुकेशचन्द यादव, शंकरलाल गुर्जर, लालचन्द मीणा, मनराज गुर्जर व राजेश गुर्जर सहित कई नल जल मित्र मौजूद थे।

## फांसी के फंदे पर झूलकर महिला ने की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** गांव बाढ कुरावदा में शुक्रवार की देर शाम एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दत्तवास थानाधिकारी हेमंत जनागल ने बताया कि महिला की आत्महत्या की सूचना पर पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचकर टोंक से एमआईयू टीम को बुलवाकर मौके से साक्ष्य जुटाए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। उन्होंने बताया कि मृत्तका के पिता भोजाराम गुर्जर ने अपनी बेटी की मौत पर असंतोष जताते हुए मजिस्ट्रेट से जांच करवाने की मांग की है। थानाधिकारी ने बताया कि सैपू गुर्जर पत्नी रामकिशोर गुर्जर उम्र 23 वर्ष निवासी बाढ कुरावदा ने शुक्रवार की देरशाम को अपने कमरे में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शनिवार को मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उक्त प्रकरण में मृग दर्ज कर में मजिस्ट्रेट जांच की जाएगी।

## नामांकन अभियान के तहत जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** ग्राम पंचायत लालवाड़ी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं सिकोइडिकोन संस्था निवाई द्वारा नामांकन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा गांव में जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को नामांकन करवाने के लिए प्रेरित किया। शाखा प्रभारी अनीता शर्मा ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीशनारायण बलाई एवं उप प्राचार्य राजेश कुमार, अध्यापक मोहम्मद अजहरूद्दीन, दिनेश गौतम, पप्पूलाल जाट, सीमा चौधरी, सत्यनारायण वर्मा, भगवान सहाय सहित समस्त टीम के साथ ड्रॉपआउट एवं अनियमित आने वाले बच्चों के बारे में चर्चा करके उनके अभिभावकों से संपर्क करके बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित किया। किसान सेवा समिति सचिव राजाराम जाट ने संगठन की जानकारी एवं कार्य प्रणाली के बारे में अवगत करवाया। संस्था के अर्जुनदेव बैरवा एवं ममता शर्मा ने संस्थागत कार्यों की जानकारी देते हुए मूल अधिकार के तहत बच्चों को शिक्षा में दी जाने वाली मदद के बारे में बताया एवं ड्रॉप आउट बालिकाओं के लिए संस्था द्वारा मदद किए जाने एवं स्कूल में नामांकन बढ़ाने हेतु संस्था की टीम द्वारा मदद करने की जानकारी दी।

## लोक अदालत में एमएसीटी के 9 केसो में 32 लाख 55 रूपये का अवार्ड पारित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** अदालत परिसर में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। शनिवार को आयोजित अदालत में हुए काम काज के बारे में जानकारी देते हुए समिति सचिव रविकुमार जांगिड़ ने बताया कि लोक अदालत में मोटर व्हीकल एक्ट के 9 केसो में 32 लाख 55 हजार रूपये के अवार्ड पारित किए जाने के अलावा सिविल के 5 प्रकरण व वैवाहिक विवाद के 5 प्रकरणो सहित फोजदारी के 4 सहित एडीजे अदालत के कुल 22 प्रकरणो का निस्तारण हुआ। वहीं वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश व अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट में फौजदारी के 37, एनआई एक्ट कीधारा 138 के 24, व सिवल के 7 सहित कुल 68 प्रकरणो का निस्तारण हुआ। न्यायालय सिवल न्यायाधीश अदालत के फौजदारी के 21, एनआई एक्ट के 6 सिविल के 26, सहित 53 प्रकरणो का निस्तारण आपसी राजीनामे से किया गया। इसके अलावा प्री लिटिगेशन में बैंक रिकवरी के 37, दूरसंचार निगम व विद्युत निगम के 56 प्रकरणो सहित कुल 93 प्रकरणो में 1 करोड़ 15 लाख, 38 हजार 256 रूपये के राजीनामे हुए।

## आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक ने किया औषधालय का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा ( नि.स. )।** नटवाड़ा कस्बे सहित ग्राम पंचायत हतौना एवं मंडावर में संचालित राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय का आयुर्वेद विभाग के जिला उप निदेशक डॉ. ललित किशोर शर्मा के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने आयुर्वेद पद्धति से मरीजों का बेहतर उपचार किए जाने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिए काढ़े का वितरण किए जाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान डा. शर्मा ने चिकित्सालय की व्यवस्थाएं देखी और सरकार की मंशा के अनुरूप चिकित्सालय में प्रतिदिन संपादित होने वाले कार्यों से संबंधित पत्रावली रिकॉर्ड का अवलोकन किया। वहीं उन्होंने चिकित्सा परिसर में साफ-सफाई को देखा और परिसर में अच्छी साफ-सफाई मिलने पर स्टाफ की सराहना की और चिकित्सालय परिसर को साफ सुथरा, इसी तरह रखने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ कौशल किशोर शर्मा, योग ट्रेनर पूजा पारीक, संतोष चंदेल आदि मौजूद रहे।

**लोगों से की अपील :** उप निदेशक डा. शर्मा आमजन से सरकार के द्वारा आयुर्वेदिक विभाग के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के आयुर्वेदिक चिकित्सालय में उपलब्ध करवाई औषधियों का लाभ लेने व प्रात:कालीन हैल्थ एंड वैलनैस सेंटर पर संपादित होने वाली योग क्रियाओं में अधिक से अधिक सहभागिता निभाने की अपील की है। वहीं उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सालय में आने वाले ग्रामीणों से चिकित्सा कर्मियों व अन्य कार्मिकों के बारे में जानकारी ली। जिस पर उन्होंने चिकित्सा कर्मी की कार्यशैली के व्यवहार पर संतुष्टी प्रकट की। वहीं उन्होंने बताया कि सरकार की फ्लैगशिप योजना में विभाग को शरीक किया है तथा जनकल्याणकारी योजनाएं चिकित्सा विभाग में सरकार उपलब्ध करवा रही है।

## महापौधारोपण अभियान के तहत गांव गांव ढाणी पहुंच रहे हैं पौधे



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** श्री बी एल चैरिटेबल ट्रस्ट देशमा के निदेशक भामाशाह एवं समाजसेवी बी.एल. चौधरी देशमां द्वारा शुरू किए गए महा पौधारोपण अभियान के तहत गांव गांव ढाणी ढाणी पौधे पहुंच कर सघन पौधारोपण के माध्यम से पौधे लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को बी.एल.देशमां एव उनकी टीम व ट्रस्ट के सदस्य धोली, धोला का खेड़ा, आमली, भ्रगवानपुरा, कड़ीला, सूरजपुरा, घासीपुरा, आमलीसूक, सहित आसपास के एक दर्जन से अधिक गांव ढाणियो के विद्यालयो एवं आंगनबाड़ी केन्द्रो पर करंज व अर्जुन छाल के पौधे पहुंचाए गए। गांव ढाणी पहुंचे सभी पौधो को ग्रामीणो के सहयोग एवं रक्षा करने के संकल्प के साथ रोपे जाने की कार्रवाई की गई।

देशमां ने बताया कि महा पौधारोपण अभियान के अन्तर्गत मालपुरा क्षेत्र के सभी गांव ढाणियो के स्कूलो, आंगनबाड़ी केन्द्रो सहित अन्य सार्वजनिक स्थानो पर पौधे लगाए जाएगें। ट्रस्ट एवं टीम के सदस्य दिन रात कड़ी मेहनत कर पौधो निर्धारित स्थान पर पहुंचाए जा रहे हैं।

## गणेश निमन्त्रण के साथ कावड़ यात्रा की तैयारियां शुरू



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** श्री शिव कावड़ यात्रा समिति द्वारा बम्ब तालाब की पाल स्थित श्री रिद्धी सिद्धी विनायक मन्दिर पहुंच कर कावड़ यात्रा का निमन्त्रण प्रथम पूज्य श्री गणेश जी महाराज को अर्पित कर तैयारीयां शुरू की। शनिवार को समिति के सभी सदस्य कावड़ यात्रा को लेकर प्रकाशित प्रचार सामग्री के साथ रिद्धी सिद्धी विनायक मन्दिर पहुंचे। यहां पुजारी राजू पाण्डेता के वैदिक मंत्रोच्चार के सथ कावड़ यात्रा की प्रसार सामग्री सहित निमन्त्रण पत्र श्री गणेश जी महाराज को अर्पित किया गया। श्री शिव कावड़ यात्रा समिति के संयोजक विकास शर्मा ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इस वर्ष 11 अगस्त को बीसलपुर से पवित्र जल लेकर कावड़िऐ रवाना होगें।

## बाढ़ पीड़ित पचास परिवारो को वितरित की राशन सामग्री

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन की ओर से क्षेत्र के भीपुर गांव के पचास बाढ़ पीड़ित परिवारो को रसद सामग्री का वितरण किया गया। शनिवार को क्लब अध्यक्ष अमित विजय के नेतृत्व में सचिव नरेश काबरा, राकेश जैन, पवन जैन संगम, अरूण काबरा, रामबाबू विजय, महेश गुप्ता, सीताराम स्वामी, भागचन्द जैन सहित अन्य क्लब के सदस्यो का प्रतिनिधिमंडल भीपुर गांव पहुंचा। यहां गत दिनो आई भीषण बाढ़ में बेघर हुए व तबाह हुए लगभग पचास पीड़ित परिवारो को राशन व खाद्य सामग्री वितरित कर राहत देने

### ग्रीनफील्ड फोरलेन सड़क मार्ग को लेकर असमंजस की स्थिति

## दोपहर तक रही निराशा तो बाद में फिर बंधी आस

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा से भीलवाड़ा तक प्रस्तावित रूप से बनने वाले फोनलेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे सड़क मार्ग को लेकर असमजंस की स्थिति बरकरार है। राज्य सरकार ने बजट अधिवेशन के दौरान प्रस्तुत बजट धोषणाओं के अनुसार सरकार ने सांगानेर से भीलवाड़ा तक ग्रीनफील्ड फोरलेन एक्सप्रेस सड़क मार्ग निर्माण की बात कही। राज्य की उप मुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री दीयाकुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट में की गई इस धोषणा के बाद सम्पूर्ण क्षैत्र में हर्ष की लहर थी। सांगानेर से फागी मालपुरा होकर शाहपुरा होते हुए भीलवाड़ा तक फोरलेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे निर्माण की बात सामने आने के साथ क्षैत्रवासी खुशियो से सरोबार हो गए थे। लेकिन ये खुशिया अधिक समय तक जारी नहीं रह सकी। इसका मुख्य कारण यह है कि शुक्रवार को एक राज्य स्तरीय अखबार में समाचार प्रकाशित हुआ। इस समाचार के अनुसार सांगानेर से भीलवाड़ा तक बनने वाले ग्रीनफील्ड फोरलेन एक्सप्रेस वे का निर्माण सांगानेर रेणवाल फागी होकर राणोली झिराना टोडारायसिंह होकर केकड़ी से शाहपुरा भीलवाड़ा तक बनेगाञ इस लिहाज से इस सड़क मार्ग की कुल लम्बाई 193 किलोमीटर बनती है। इसी तरह की कुछ रिपोर्ट शुक्रवार को कुछ सोशल मीडिया पर भी प्रकाशित हुई। इस तरह के समाचार प्रकाशित होने के साथ ही क्षैत्रवासियो में मायूसी छा गई और आम ग्रीनफील्ड फोरलेन एक्सप्रेस वे को लेकर चर्चा करने लगे। वहीं शुक्रवार को दोपहर बाद कुछ सोशल मीडिया फलेटफार्म पर इसके विपरीत रिपोर्ट सामने आने लगी। जिसमें दावा किया गया सांगानेर से भीलवाड़ा तक बनने वाला ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे का निर्माण सांगानेर-रेणवाल-फागी-मालपुरा-केकड़ी-शाहपुरा-भीलवाड़ा होकर ही बनेगा। अब देखना यह है कि इसमें कौनसी रिपोर्ट सही है और कौनसी रिपोर्ट गलत है इसकी पुख्ता जानकारी अघिकारित जानकारी आने के बाद ही सामने आ सकेगी।

**इनका कहना है**

भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन नीटू ने बताया कि शनिवार को मीठिया और सोशल मीडिया पर वर्तमान में ग्रीनफील्ड फोरलेन एक्सप्रेस वे को लेकर जो समाचार चल रहे हैं वे पूर्णतया गलत है। सार्वजनिक निर्माण विभाग से संबंधित अधिकारियो से बात करने पर सामने आया है कि ग्रीनफील्ड फोरलेन एक्सप्रेस वे सड़क मार्ग का निर्माण मालपुरा होकर ही होगा व इस सड़क मार्ग में मालपुरा का शामिल है। उन्होंने बताया कि यह सड़क मार्ग मालपुरा के नजदीक से ही गुजरेगा। जो लोग गलत अफवाह फैला रहे हैं वह अधूरी जानकारी के आधार पर हे। जैन ने बताया कि ग्रीनफील्ड फोरलेन एक्सप्रेस वे सड़क मार्ग की डीपीआर बनने के बाद ही इस सड़क मार्ग का वास्तविक नक्श व प्रस्तावित मार्ग सामने आएगा। इससे पहले केवल कयास ही है जो वर्तमान में बिलकुल भी सही नहीं है।

## केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान का वनस्थली निवाई रेलवे स्टेशन पर किया भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** वनस्थली निवाई रेलवे स्टेशन पर शनिवार को केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान का जिलाध्यक्ष अजितसिंह मेहता, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमारी शर्मा के सानिध्य में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान मदुरई से बीकानेर जाने वाली एसी स्पेशल ट्रेन से जयपुर में आयोजित भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान जिलाध्यक्ष अजितसिंह मेहता, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमारी शर्मा के सानिध्य में भाजपा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीयों ने माला व साफा पहनाकर व हनुमान जी की प्रतिमा भेंटकर किया स्वागत। इस अवसर पर पूर्व प्रधान खैमराज मीणा, शिक्षाविद महेन्द्र चौधरी, सुनील जैन, विशाल मेहता, शैलेन्द्र जैन, जयनारायण, विष्णु चांवला, रामगोपाल सेवलिया, सीताराम वर्मा, मण्डल अध्यक्ष अंकुर गुप्ता, महामंत्री कर्णसिंह राजावत, पार्षद परसराम कुमावत, रामबिलास बलाई, गोवर्धन जैन, युवा मोर्चा अध्यक्ष हंसराज गुर्जर, जीतु सैन, सुरेश राजवंशी व जगदीश बैरवा सहित भाजपा कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# कुदिन्ना पंचायत के 5 गांव में नहीं हैं बिजली कनेक्शन : ग्रामीणों ने कलेक्टर से की बिजली दिलाने की मांग, स्टूडेंट्स को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर में शुक्रवार को कुदिन्ना पंचायत के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी और उपजिला कलेक्टर राधेश्याम मीणा को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से पंचायत के पांच गांव में बिजली शुरू करने की मांग की है। जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने पहुंचे सरपंच रमेश सिंह ने बताया कि कुदिन्ना पंचायत में बुनियादी समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। पंचायत के गांव बसेड़िया पुरा, मगजीपुरा, उटुआ पुरा और सिमर्रा में बिजली नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं। बिजली नहीं होने की वजह से लोगों के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स को भारी परेशानी हो रही है। सरपंच ने बताया कि कई बार लिखित में शिकायत पत्र देकर प्रशासनिक अधिकारी और नेताओं को भी अवगत कराया गया है, लेकिन ग्रामीणों की समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 5 साल पहले तत्कालीन समय के जिला कलेक्टर को भी शिकायत पत्र दिया था। जिन्होंने सरकार को प्रपोजल भी भेजा था, लेकिन विकास योजना के प्रपोजल को सरकार ने निरस्त कर दिया। शुक्रवार को सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया है। जिसके माध्यम से पंचायत के पांच गांव में बिजली कनेक्शन लगवाने की मांग की है।

# 2 साल से फरार गौ वंश अपराधी को लिया हिरासत में

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** कस्बे के निकटवर्ती हरसौरा थाना पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत् शनिवार को गौ वंश के मामले में पिछले 2 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज की ओर से अपराधियों की धरपकड़ अभियान को लेकर पिछले दो सालों से गौ वंश के अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे सगीर पुत्र युनुस मेव निवासी मिर्जापुर (किशनगढ़ बास) को उसके गांव मिर्जापुर से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया आरोपी युवक गौ वंश भरकर लेकर जाता था। आरोपी युवक पिछले 2 साल से फरार चल रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी युवक आज ही कही बाहर से गांव आया है। पुलिस ने टीम गठित कर आरोपी युवक को उसके घर से दबोच लिया।

# पर्यावरण संरक्षण में गायत्री परिवार ने लगाए पौधे



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** गायत्री परिवार अलवर द्वारा हर वर्ष की तरह चलाये जा रहे पर्यावरण संरक्षण और वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को गायत्री परिवार व आराधना ग्रुप की तरफ से 2 अलग-अलग जगहों पर शनिवार को विभिन्न छायादार और फलदार प्रजातियों जैसे शहतूत, जामुन,नीम, पीपल, बरगद, करंज, अशोक आंवला, आम आदि के 55 पौधे लगाए गए जिनमे 40 पौधे शहर के हाई टेक होस्पिटल के डॉ केसी गागल के जन्मदिन पर उन्होंने और डॉक्टर्स की टीम ने एमआईऐ मे दीप यज्ञ के साथ लगाए , इसके बाद सेठ मक्खन लाल चैरिटेबल ब्लड बैंक में एक व्यक्ति एक पौधा अभियान के तहत 15 पौधे वहाँ के इंचार्ज डॉ बत्रा और उनके स्टाफ के साथ मिलकर लगवाएं उन्होंने इनकी देखभाल की जिम्मेदारी ली, इस दौरान वृक्षारोपण कार्य महान एक। एक वृक्ष 10 पुत्र समान। इस बात का संदेश देते हुए डॉक्टर सुरेश शर्मा, डॉक्टर सुरेश गैरा, डॉक्टर उदयभान सिंह यादव ,डॉक्टर स्नेह यादव, डॉक्टर सरोज गुप्ता, डॉक्टर प्रमोद गुप्ता,डॉक्टर दिलीप सेठी ,सुधा सेठी,डॉक्टर विजेंद्र गर्ग, डॉ मिथिलेश गर्ग, डॉ चमन जैन, डॉक्टर अनुराधा जैन, डॉक्टर ऋचा गुप्ता ,डॉक्टर राजेंद्र गुप्ता, डॉक्टर अजय खंडेलवाल ,रचना खंडेलवाल ,डॉक्टर खेमचंद गागल ,डॉक्टर शर्मिला गागल डॉ हनी निश्चल ,डॉक्टर सोमदत्त गुप्ता ,भुवनेश्वर ,शिखा,तन्मय गुप्ता एवं विपिन गुप्ता ऋषिमा,शकुंतला ने सामूहिक प्रयास करते हुए वातावरण को प्रदूषण मुक्त एवं शुद्ध जलवायु के निमित्त पौधरोपण किया है। समस्त पौधों की देखरेख, संरक्षण एवम् रखरखाव की जिम्मेदारी निश्चित करते हुए ही पौधरोपण किया गया।

# जन्मदिन पर किया रक्तदान शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** कस्बें के बानसूर अस्पताल में शनिवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगाया गया। शिविर में सुबह से ही रक्तदान करने वाले युवाओं और महिलाओ को भीड़ रही। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक 168 यूनिट रक्त इकठ्ठा किया गया। डॉ. सौरभ गुप्ता ने बताया कि रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि रक्तदान ही सबसे बड़ा दान है इससे बड़ा कोई दान नही है। हमारा खून किसी को जीवन दान दे सकता है। उन्होंने बताया कि खून दान करने से शरीर की इम्यूनिटी पावर बढ़ती है। खून दान करने से शरीर में बीमारिया होने का खतरा कम रहता है। इस मौके पर डॉ. सौरभ गुप्ता, दो प्रेक्षा अग्रवाल, प्रिंसिपल योगेश कुमार शर्मा, बृजमोहन शर्मा, मुकेश सैनी सहित डॉक्टरों की टीम मौजूद रही।

# महंगाई, बेरोजगारी व बेकारी को छोड़कर संविधान की हत्या में लगी है केंद्र सरकार, जनता को भटकाने का नया पैतरा : जूली

बढ़ता राजस्थान

**अलवर/जयपुर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में तो हर रोज संविधान हत्या दिवस मनाया जाता है आज यह कौनसे संविधान हत्या दिवस की बात कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि संविधान के हत्यारे संविधान हत्या दिवस की बात कर रहे हैं यह उनके मुंह से अच्छा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का संविधान बचाओ का मुद्दा इनके गले की फांस बना हुआ है,इस घाव को भरने के लिए यह अब संविधान हत्या दिवस जैसे शब्दों का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह देश के पीएम की असफलता और सस्ती लोकप्रियता बटोरने की कवायद है। जूली बोले जनविरोधी नीतियों से देश के आवाम का ध्यान भटकाने के लिए करीब 5 दशक बाद इन्हें कहां से संविधान की याद आ गई। जूली बोले अगर बात ही करनी है तो महंगाई,बेरोजगारी और कानून व्यवस्था की बात करें जो आज देश की जरूरत है। जूली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और




उनकी सरकारी मशीनरी लोकतंत्र की हत्या कर रही है।उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में मेयर चुनाव में धांधली और भादरा में चुनाव ही स्थगित कर दिया गया यह असली लोकतंत्र हत्या दिवस है। जूली बोले पिछले 10 साल से देश में अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति बनी हुई है और देश के पीएम भारतीय जनता पार्टी के एजेंट की तरह सस्ती लोकप्रियता की ओर बढ़ रहे हैं, जिसका परिणाम इन्हें लोकसभा चुनाव और आज उपचुनाव में परिणाम के रूप में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में 4 जून को देश की जनता ने इनके 400 पार के अहंकार वाले गुब्बारे की हवा निकाल दी जिसे मोदी मुक्ति दिवस के रूप में तथा 8 नवंबर को देश की जनता पर अपने अहंकार का नोटबंदी के रूप में हंटर चलाया गया जिसे आजीविका हत्या दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जूली ने आरोप लगाया कि देश की निष्पक्ष सरकारी एजेंसियों का भारतीय जनता पार्टी दुरुपयोग कर संविधान की मर्यादाओं को तार-तार कर रही है।

देश के गरीब और वंचित वर्ग से उनका आत्म सम्मान छीना जा रहा है दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग के अधिकारों पर कुठाराघात कर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान को इनके राज में कुचला जा रहा है और यह हास्यास्पद बात कर रहे हैं संविधान हत्या दिवस की।

# वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** नाबार्ड के 43 वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार कों युवा जागृति संस्थान बानसूर ने वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में नारायणपुर एसडीएम लक्ष्मी नारायण बुनकर, तहसीलदार लोकेश चौधरी, ग्राम पंचायत गढ़ी सरपंच, युवा जागृति संस्थान सचिव गोकुल चंद सैनी, संरक्षक गिर्राज प्रसाद सैनी व ग्रामीणों नें 31 बरगद के पौधे व 70 पौधें सरकारी विद्यालय में कुल 101 पौधें लगाएं गए। इस दौरान हावड़ा जोहड़, ग्राम पंचायत गढ़ी में प्रात: 11:00 बजे शुरू किया गया संस्था द्वारा यह कार्य कई गांवों के सरकारी विद्यालयों ,मंदिर परिसर, अस्पताल इत्यादि में चलाया जा रहा है इसी कड़ी में नाबार्ड के 43 वें स्थापना दिवस के मौके पर भी काफी संख्या में संस्थान के स्वयंसेवक, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने पौधारोपण किया है। एसडीएम लक्ष्मीनारायण बुनकर ने बताया कि कार्यक्रम में लोगों का अपार जन समर्थन मिल रहा है संस्थान के ये प्रयास आगे बढ़ रहे हैं लोग वृक्षारोपण के लिए प्रेरित हो रहे हैं इसके लिए संस्थान के प्रशंसनीय कदम है तों वहीं बानसूर, थानागाजी, सरिस्का, अलवर इत्यादि जगहों पर भी पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न किए गए हैं इस मौके पर महिलाओं की आर्थिक समृद्धि के लिए नाबार्ड द्वारा वितपोषित योजनाओं पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि नाबार्ड ग्रामीण समृद्धि के लिए कृत संकल्पित है इस दिशा में सामाजिक संस्था युवा जागृति संस्थान की भूमिका भी उल्लेखनीय है साथ ही सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपित करने की अपील की गई फाउंडेशन के सचिव गोकुल सैनी ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि नाबार्ड का 43वां स्थापना दिवस वृक्षारोपण के साथ मनाने पर प्रसन्नता हुई है।

इस अवसर पर एसडीएम लक्ष्मीनारायण बुनकर, तहसीलदार लोकेश चौधरी, गढ़ी सरपंच, ग्राम सचिव,युवा जागृति संस्थान के सचिव गोकुल सैनी, संरक्षक गिर्राज प्रसाद सैनी, प्रदीप चौधरी, उदयनाथ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड थानागाजी के बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स, महिला मंडल के अध्यक्ष मनीषा सैनी ,स्वयं सहायता समूह की महिलाएं व ग्रामीण मौजूद रहे।

# एमपी से चोरी कर तीन बाइकों को डांग में बेचने ले जा रहे थे आरोपी, मुखबिर की सूचना पर नाकाबंदी कर पुलिस ने दबोचा




बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की सदर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एमपी से चोरी कर लाई जा रही तीन बाइको सहित चोर गिरोह को गिरफ्तार किया है। पूरी कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर गजपुरा मोड पर नाकाबंदी के दौरान हुई है। जिसमें आरोपी चोर गिरोह से एक मास्टर चाबी भी बरामद हुई है। सदर थाना अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि एसपी धौलपुर सुमित महरेड़ा के निर्देश पर वांछित अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया हुआ है। उक्त अभियान में वाहन चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए भी फोकस किया जा रहा है। ऐसे में जरिए मुखबिर सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के गजपुरा रोड पर एक चोर गिरोह जो एमपी से तीन बाइको को चुराकर लाया है बेचने जा रहा है। पुख्ता सूचना पर बाड़ी एडिशनल एसपी कमल कुमार जांगिड़ और बाड़ी सीओ नरेंद्र कुमार को मामले से अवगत कराया और उनके सुपरविजन में थाने की विशेष टीम हेड कांस्टेबल रामबाबू के साथ कांस्टेबल पवन कुमार,विजय कुमार,सुगड सिंह, लोकेंद्र कुमार को गाड़ी चालक बृजेश कुमार के साथ रवाना किया। टीम ने गजपुरा मोड पर जाकर नाकाबंदी की। इस दौरान धौलपुर की ओर से आ रही तीन बाइको को रोका गया। जिनसे जब बाइको के कागजात,लाइसेंस और अन्य कागजात मांगे तो आरोपियों पर कोई कागज नहीं मिला।इस पर जब पूछताछ की गई तो आरोपियों ने बताया कि वह एमपी से बाइकों को चोरी कर लाए हैं। जिन्हें डांग में बेचने जा रहे हैं। तीनों बाइको को जप्त कर आरोपियों को थाने लाया गया। जहां पूछताछ करने पर एक आरोपी से मास्टर चाबी भी बरामद हुई है।

जिसके माध्यम से एक अपाची,एक यामाहा ओर एक हीरो सपेलेंडर तीनो बाइको को चोरी किया गया है। एसएचओ विनोद कुमार ने बताया कि पूरी कार्रवाई में एमपी के ग्वालियर जनागंज थाना क्षेत्र के घोसीपुरा निवासी श्याम कुशवाह उर्फ छोटू पुत्र राजू कुशवाहा के साथ खानपुर मीणा गांव निवासी रामजीवन पुत्र रामलाल मीणा को गिरफ्तार किया है साथ में एक नाबालिक भी निरुद्ध किया है।

# खण्डे की अथाई पर कब्र का मामला, पुलिस और प्रशासन जुटा मामले की जांच में

## एसडीएम और एएसपी ने की दोनों पक्षों के लोगो से समझाइश, मामले में शांति की अपील

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के हथियापोर मोहल्ले में सार्वजनिक अथाई पर कब्र लगाने के मामले में विश्व हिंदू परिषद और हिंदूवादी संगठनों द्वारा जताए गए विरोध और ज्ञापन देने के बाद शनिवार को एडिशनल एसपी कमल कुमार जांगिड़,एसडीएम राधेश्याम मीणा,सीओ नरेंद्र कुमार सहित पुलिस की सीआईडी टीम ने मौके पर जाकर मामले की जानकारी ली और आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ की। इसके बाद एसडीएम राधेश्याम मीणा और एएसपी कमल कुमार जांगिड़ ने कोतवाली थाने पर दोनों पक्ष के लोगों से वार्ता की। एडिशनल एसपी कमल कुमार जांगिड़ ने बताया कि पूरे मामले में दोनों पक्ष के लोगों से जानकारी ली है। जो साक्ष्य उन्होंने दिए हैं उनकी भी जांच की जा रही है साथ में किसी भी प्रकार का तनाव नहीं पहले और शांतिपूर्ण रूप से मोहर्रम का आयोजन हो। इसको लेकर दोनों पक्षों के लोगों से समझाइश की है। प्रशासन और पुलिस अपने स्तर पर पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

**खंडे की अस्थाई पर कब्र से उपजा विवाद :** विहिप के जिला मंत्री वैद्य गिरीश शर्मा ने बताया की शहर के हथियापोर और कायस्थ पाड़ा मोहल्ले के बीच में जो चौराहा है उस पर यह खंडे की अस्थाई करीब 200 वर्ष पुरानी है। इस अथाई के ठीक बगल में मुस्लिम समाज के ताजिए की चौकी भी लगी हुई है।अथाई पर अचानक से कब्र दिखने से विवाद पैदा हुआ है। आस-पड़ोस के लोगों और हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि यह कब्र रातों-रात कुछ लोगों द्वारा रख दी गई है। जबकि मुस्लिम पक्ष के लोगों का कहना है की कब्र अथाई पर पूर्व से ही थी। जिसको साफ सफाई और मरम्मत के दौरान कुछ ऊंचा कर दिया है। हिंदूवादी संगठनों ने शुक्रवार को उपखंड प्रशासन को ज्ञापन सौंप मामले में जांच और कार्रवाई की मांग की थी। जिसको लेकर प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा है। धौलपुर से आई सीआईडी टीम भी मामले की जांच कर रही है।

**इनका कहना है :** एएसपी कमल कुमार जांगिड़ ने बताया कि खंडे की अथाई को लेकर मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों के लोगों से वार्ता के साथ समझाइश की है। प्रशासन द्वारा हर एंगल से मामले की जांच जारी है।

# पुलिस हेडक्वार्टर डीआईजी ने किया आरएसी का निरीक्षण : संपर्क सभा में सुनी जवानों की समस्याएं, जल्द समाधान का दिया आश्वासन

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** पुलिस हेडक्वार्टर से डीआईजी श्वेता धनखड़ एक दिवसीय दौरे पर धौलपुर पहुंचीं। एक दिवसीय धौलपुर दौरे पर पहुंचीं डीआईजी ने छठवीं बटालियन आरएसी का निरीक्षण किया। आरएसी का निरीक्षण करने के बाद डीआईजी ने संपर्क सभा आयोजित की। जिसमें जवानों की समस्याएं सुनी गई। निरीक्षण के लिए पहुंची डीआईजी श्वेता धनखड़ ने बताया कि वार्षिक निरीक्षण के लिए उन्होंने धौलपुर पहुंचकर आरएसी का निरीक्षण किया। जहां सबसे पहले उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। जिसके बाद उन्होंने आरएसी के जवानों के साथ संपर्क सभा आयोजित की। संपर्क सभा के दौरान डीआईजी श्वेता धनखड़ ने जवानों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। मौके पर ही जवानों की कुछ समस्याओं का समाधान करने के साथ ही डीआईजी ने उच्च स्तर पर जवानों की परेशानियों का निपटारा करने का आश्वासन दिया। संपर्क सभा से पहले डीआईजी ने जवानों का डेमो देखकर उनका उत्साह बढ़ाया। एक दिवसीय धौलपुर दौरे पर पहुंची डीआईजी का डिप्टी कमांडेंट प्रकाश चंद, सुरेश सांखला और सहायक कमांडेंट विजय शंकर ने स्वागत किया। आरएसी लाइन का निरीक्षण करने के बाद डीआईजी ने आवासीय क्वार्टर का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# मोहर्रम माह की पांचवी को शिया समुदाय द्वारा उठाया हजरत अब्बास का अलम



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** मुस्लिम हिजरी संवत का मोहर्रम माह चल रहा है। ऐसे में शुक्रवार की रात को मोहर्रम की पांचवी तारीख पर शिया समुदाय ने हजरत इमाम हुसैन के भाई हजरत अब्बास का अलम उठाया। यह आयोजन शहर के कोट पाड़ा स्थित बड़ा इमामबाड़ा में शिया समुदाय के लोगों द्वारा किया गया। जिसमें समाज के नौजवान और बच्चों ने नोहाखानी कर जोशीला मातम मनाया और अपने इमाम की अजीम कुर्बानी को याद किया। शिया समाज बड़ा इमामबाड़ा के संरक्षक छुट्टन रिजवी ने बताया कि मोहर्रम की पांचवी तारीख शुक्रवार को मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन के भाई हजरत अब्बास की याद में यह अलम उठाया गया। यह अलम शाही जामा मस्जिद से उठाया गया जो मुख्य मार्ग से होकर मातम के बीच बड़ा इमामबाड़ा कोट पाड़ा पर आकर रखा गया है। अलम उठाने के दौरान शिया समाज के नौजवानो और बच्चो ने नौहाखानी करते हुए मातम मनाया और उनकी कुर्बानी को याद किया। इस कार्यक्रम में शिया समाज के दर्जनों की संख्या में युवा मौजूद रहे। समाज के युवा दानिश रिजवी ने बताया कि शनिवार की रात को बड़ा इमामबाड़े पर अली असगर के झूले के कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# माता मंदिर के पास मिले रुपयों के पर्स को लेने पहुंची महिला और परिजन ट्रैफिक पुलिस ने पर्स सौंपा महिला को, ट्रैफिक पुलिस के कार्य की सराहना

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर की ट्रैफिक पुलिस द्वारा वबेहड़ ही सराहनीय कार्य को अंजाम दिया गया है। इस कार्य से शहर में आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। मामला शुक्रवार की शाम का है। शहर के माता मंदिर के पास ट्रेफिक पुलिस को एक लाल रंग का महिला पर्स मिला जिसमें कई हजार रुपयों के साथ कुछ सोने का सामान था। ऐसे में ट्रेफिक इंचार्ज किलेदार सिंह ने उक्त मामले की सूचना माता मंदिर के पुजारी सहित आसपास के अन्य लोगो को दी साथ में शहर के सोशल ग्रुप पर इसकी जानकारी दी गई। ऐसे में शनिवार को महिला और उसके परिजन टाउन चौकी पहुंचे।

जहां ट्रैफिक पुलिस के इंचार्ज किलेदार सिंह ने महिला और उसके परिजनों को रुपयों से भरा पर्स सौंप दिया है। महिला के पर्स में 32 सौ रुपये की राशि के साथ कुछ सोने का सामान भी रखा था। जिसे मंदिर में दर्शन के दौरान उससे गुम हो गया था। मामले को लेकर शहर के मलक पाड़ा निवासी दिलीप कुमार मित्तल पुत्र रामनिवास मित्तल ने बताया कि उनकी बहन सुलेखा जो आगरा रहती हैं। वह उनके घर आई थी। इस दौरान वह



माता मंदिर के दर्शन करने गई थी। जहां उनका पर्स कहीं गुम हो गया। उक्त लाल रंग का पर्स जब ट्रैफिक इंचार्ज किलेदार सिंह को मिला तो उन्होंने शहर के विभिन्न सोशल ग्रुपों पर इसकी जानकारी उपलब्ध कराई। इसी जानकारी पर पीड़ित महिला सुलेखा और उनके भाई दिलीप कुमार पर्स को लेने ट्रेफिक चौकी पहुंचे। जहां ट्रैफिक इंचार्ज किलेदार सिंह और कांस्टेबल बहादुर सिंह एवं बृजेश के साथ पुलिस अधिकारियों ने उनसे जानकारी ली और इसके बाद महिला और उनके परिजनों को पर्स सौंप दिया। पूरे मामले को लेकर दिलीप कुमार मित्तल और उनकी बहन सुलेखा का कहना है कि पुलिस की यह करवाई बेहद सराहनीय है। पुलिस द्वारा इस कार्य में बेहद ईमानदारी का परिचय दिया है। ऐसे में इस कार्य से पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास बढ़ेगा।

### अधिकारी संवेदनशीलता से सुनें परिवादियों की बात

# माइल स्टोन बनाकर करें बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन : प्रभारी सचिव

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जिला प्रभारी सचिव टी. रविकांत ने बजट घोषणाओं के लिए हर विभाग को माइल स्टोन तैयार करने एवं उसी के अनुरूप समयबद्ध तरीके से बजट घोषणा की क्रियान्विति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो प्रस्ताव विभाग मुख्यालय भेजे जाने हैं वे तैयार कर जल्दी भिजवाएं, ताकि प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां समय पर मिल सकें। प्रभारी सचिव शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट के न्यू सभागार में बजट घोषणा 2024-25 की क्रियान्विति के लिए विभागों की तैयारी एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संभाग एवं जिला स्तर पर पूरी होने वाली बजट घोषणा के लिए तैयार माइल स्टोन में कितने दिनों में कौन-कौन से कार्य होंगे इसकी पूरी जानकारी दी जाए।



**आधुनिक सुविधाओं युक्त हो बस पोर्ट :** बजट 2024-25 में कोटा में प्रस्तावित बस पोर्ट के लिए उन्होंने कोटा विकास प्राधिकरण, यातायात, परिवहन एवं रोडवेज के अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर जगह चिन्हित करने एवं ऐसा मॉडल तैयार करने के निर्देश दिये जिसमें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हों एवं व्यवसायिक गतिविधियों के लिए भी जगह उपलब्ध हो, ताकि राजस्व अर्जित किया जा सके। कोटा में स्टोन मंडी स्थापित करने की घोषणा के संबंध में उन्होंने उपयुक्त स्थान चिन्हित करने एवं अन्य राज्यों में स्थापित स्टोन मंडी का अवलोकन करने को कहा। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को बजट घोषणा से संबंधित एस्टीमेट एवं साइट निरीक्षण जैसे कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये।

**टीम गठित कर औचक निरीक्षण करें :** प्रभारी सचिव ने कहा कि जिला स्तर पर टीम गठित कर विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया जाए एवं ड्यूटी के प्रति लापरवाह कार्मिकों के खिलाफ एक्शन लिया जाए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड में जाकर प्रभावी मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी कार्यालयों में आने वाले परिवादियों से अच्छा व्यवहार करें एवं उनकी बात संवेदनशीलता के साथ सुनें।

बैठक में कोटा शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक करण शर्मा, उप वन संरक्षक अपूर्व कृष्ण श्रीवास्तव, अतिरिक्त जिला कलक्टर कृष्णा शुक्ला, एडीएम प्रशासन मुकेश चौधरी, सीईओ जिला परिषद अशोक त्यागी, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, माइनिंग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जयपुर विद्युत वितरण निगम लि., नगर निगम उत्तर एवं दक्षिण सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के बाद जिला प्रभारी सचिव टी. रविकांत ने ''एक पेड मां के नाम'' अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में पौधा भी लगाया।

### वरिष्ठ चिकित्सक वार्डों का निरीक्षण करें

प्रभारी सचिव ने कोटा में स्पाइनल इंजरी सेंटर स्थापित करने की बजट घोषणा के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। प्राचार्य मेडिकल कॉलेज संगीता सक्सेना ने बताया कि न्यू मेडिकल कॉलेज परिसर में भूमि चिन्हित कर ली गई है। उन्होंने बताया कि इस सेंटर में 2 आईसीयू एवं 12 बेड की सुविधा होगी। प्रभारी सचिव ने कहा कि वरिष्ठ चिकित्सक प्रतिदिन शाम को वार्डों का निरीक्षण करें एवं व्यवस्थाओं का जायजा लें एवं लापरवाही पाये जाने पर कार्यवाही करें। उन्होंने सीएमएचओ कोटा को डेंगू एवं मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों के प्रभावी रोकथाम के लिए चिकित्सालयों, सीएचसी-पीएचसी में पर्याप्त दवाएं एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराने, एंटी लार्वा एक्टीविटी एवं जागरूकता सामग्री के माध्यम से आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए।

# ग्रीन आर्मी वेलफेयर सोसाइटी ने लगाये 250 सौ पोधे



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप कोटा के संयुक्त तत्वाधान में मुकन्दरा विहार समिति, कोटा की पहल पर मुकुंदरा विहार के पार्क मुकुंदरा वाटिका में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्रीन आर्मी वेलफेयर सोसाइटी, कोटा की चेयरपर्सन मंजू जैन एवं उनकी टीम के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान दिगंबर जैन सोशल ग्रुप, कोटा के संरक्षक विकास जैन,अध्यक्ष भय्यू रावंका,मंत्री उत्सव जैन, संरक्षिका ऋतु जैन, विजय जैन, जितेंद्र जैन, कुलदीप जैन , सी.बी.ई.ओ कोटा राम चरण मीणा, पर्यावरण प्रेमी सूरज भी उपस्थित रहे। डॉ. आर.बी. गुप्ता ने बताया कि ग्रीन आर्मी वेलफेयर सोसाइटी कोटा द्वारा पौधे भी उपलब्ध करवाए गए।पौधों की सुरक्षा के लिए फैंसिंग करवाई गईं! जेसीबी से 250 गड्ढे एवं पार्क की जमीन को समतल करवाया गया! सभी आगंतुकों का मुकुंदरा विहार विकास समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजावत एवं अन्य पदाधिकारी पंकज पारीक ,अशोक गौतम ,महावीर मीणा, जुगल किशोर नागर आदि द्वारा बुके भेंट कर व माल्यार्पण कर स्वागत एवं आभार प्रकट किया गया। पूरे पार्क में 250 पौधे लगाए गए एवं ग्रीन आर्मी वेलफेयर सोसाइटी कोटा द्वारा एक और पार्क में जिसमें अभी तक यूआईटी द्वारा बाउंड्री नहीं करवाई गई है मैं भी फेंसिंग करवा कर पौधे लगाने में सहयोग का आश्वासन दिया है।

### सघन वृक्षारोपण महाभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्यशाला का हुआ आयोजन

# मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान एवं हरित चित्तौड़गढ़ के अंतर्गत किया वृक्षारोपण

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री एवं जिला कलक्टर चित्तौड़गढ़ के दिशा निर्देशानुसार मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान एवं हरित चित्तौड अभियान के अन्तर्गत पंचायत समिति सभागार मे वृक्षारोपण की सफल कियान्विती हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यशाला में उपखण्ड अधिकारी विकास पंचोली द्वारा हरित चित्तौड अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देकर समस्त विभागों के अधिकारियो, कर्मचारियो को राज्य सरकार व जिला प्रशासन द्वारा प्रदत्त लक्ष्यों अनुरूप शत-प्रतिशत पौधारोपण करते हुए तीन वर्ष तक उनके रखरखाव की जिम्मेदारी नियत करने के निर्देश प्रदान किये तथा आमजन से इस पौधारोपण कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लेने हेतु अपील की गयी। इस दौरान प्रधान बगदीराम धाकड़ द्वारा पंचायत समिति निम्बाहेड़ा क्षेत्र के प्रत्येक ग्रामवासी से एक पेड़ मॉ के नाम लगाने का आह्वान करते हुए ग्राम स्तरीय अधिकारियों कों आमजन को प्रेरित करते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन व मॉनिटरिंग के निर्देश प्रदान किये। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी अभिषेक शर्मा ने नगर पालिका क्षेत्र मे अभी तक हुए वृक्षारोपण एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार मियावाकी पद्धति से विकसित किये जा रहे दो सघन वन क्षेत्र नीमच रोड़ शमशान घाट व अम्बामाता परिसर के संबंध में जानकारी उपलब्ध करवाते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर एक सघन वन क्षेत्र विकसित किये जाने की बात पर बल दिया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति प्रधान बगदीराम धाकड़, उपखण्ड अधिकारी विकास पंचोली, भाजपा पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आशुतोष व्यास, नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी अभिषेक शर्मा, सार्वजनिक निर्माण विभाग अधिशासी अभियन्ता पवन सेठिया, वन विभाग रेंज अधिकारी राजेन्द्र चौधरी, नायब तहसीलदार दिव्येशकान्त परमार, अतिरिक्त विकास अधिकारी घनश्याम गुलगामा, भाजयुमो नगर महामंत्री आशीष टांक एवं समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, कृषि पर्यवेक्षक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी प्रो. भगवान साहू एवं उनकी टीम मौजूद रही।

## छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर प्रदर्शन उच्च शिक्षा मंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** शहर के कॉमर्स कॉलेज में छात्र संघ अध्यक्ष अर्पित जैन के नेतृत्व में छात्रों ने छात्र संघ चुनाव करवाने को लेकर छात्रों के साथ मिलकर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। छात्रसंघ अध्यक्ष जैन के अनुसार राज्य सरकार की ओर से गत वर्ष छात्र संघ के चुनाव बंद कर दिए गए थे जो कि छात्र हित में एक गलत निर्णय था। बिना छात्र संघ चुनाव के कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की नेतृत्व करने की शक्ति की विकास नही हो पाता है और विद्यार्थियों के हित में गलत होने पर भी किसी तरह का कोई भी न्याय नही हो पाता है। छात्र देश के भविष्य निर्माता होने के साथ समाज को एक मजबूत राजनीतिक एवं सामाजिक ढांचा प्रदान करते हैं ऐसे में उन छात्रों को अपने छात्र संघ चुनने का अधिकार लोकतंत्र में है। छात्र संघ चुनाव के माध्यम से छात्रों को नेतृत्व करने का सही तरीका एवं देश के युवा जो की एक विकासशील देश में सही तरीके से एवं सही मानसिकता एवं नए तरीके के अनुसार देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान रखते हैं। छात्रों की ओर से उच्च शिक्षा मंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा, जिसकी सूचना प्रतिलिपि सहित मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जिला कलेक्टर को उपलब्ध करवाई। छात्रों ने मांग रखी की राजस्थान में छात्र संघ चुनाव करवाए जाए अन्यथा ये प्रदर्शन धीरे धीरे गति पकड़ कर, उग्र हो सकता है जिसकी समस्त जिम्मेदारी राजस्थान सरकार की है।

## कलेक्ट्रेट के बाहर पुजारी और ब्राह्मण समाज ने की भगवान की आरती

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जिले के सांगोद इलाके के राजगढ़ स्थित मदन मोहन मंदिर के पुजारी धर्मेंद्र दाधीच के समर्थन में ब्राह्मण समाज कलेक्ट्रेट पर धरना दे रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुजारी परिवार ने कलेक्ट्रेट के बाहर धरना स्थल पर ही भगवान की आरती की, जिसका वीडियो सामने आया है। धर्मेंद्र दाधीच का आरोप है कि वह लंबे समय से राजगढ़ में मदन मोहन मंदिर की पूजा कर रहे थे, लेकिन मंदिर के अध्यक्ष उन्हें इस अधिकार से वंचित कर दिया है और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। दाधीच ने यह भी आरोप लगाया है कि ये लोग पिछले 5 सालों से मंदिर की संपत्ति का उपयोग अपने निजी आय के रूप में कर रहे हैं और मंदिर की जमीन पर कब्जा जमा लिया है। गांव वालों ने भी इस मामले में पुजारी का समर्थन किया है और मांग की है कि मंदिर के ताले खुलवाकर दर्शन कराए जाएं। ब्राह्मण कल्याण परिषद के संयोजक अनिल तिवारी का कहना है कि पुजारी को मंदिर पर पूजा से रोका जा रहा है। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. निष्पक्ष जांच की मांग इस मामले में की जा रही है। बीते तीन दिनों से चल रहे धरने में शुक्रवार को पुजारी परिवार ने कलेक्ट्रेट के बाहर धरना स्थल पर ही आरती का आयोजन किया, जिसमें पुजारी परिवार के साथ धरना दे रहे लोग भी शामिल रहे। ब्राह्मण समाज ने चेतावनी दी है कि अगर पुलिस और प्रशासन ने इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की है, तब बड़ा आंदोलन पुजारी के समर्थन में किया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 126 का प्रकरणों का आपसी सुलह एवं समझाइश से निस्तारण किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के तत्वावधान में द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।जिसमे ताल्लुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कपासन डॉ. महेन्द्र सोलंकी की अध्यक्षता में गठित बैंच तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कपासन न्यायाधीश निष्ठा पाण्डे की गठित न्यायपीठ में न्यायालयों अपर जिला एवं सेशन न्यायालय कपासन,न्यायालय अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट कपासन,न्यायिक मजिस्ट्रेट कपासन में विचाराधीन प्रकरणों में से कुल 126 प्रकरणों का निस्तारण कर कुल 4813197 रू. की राशि का अवार्ड पारित किया गया। ताल्लुका विधिक सेवा समिति सचिव देव तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौडगढ महेन्द्र सिंह सिसोदिया एवं अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के निर्देशानुसार आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित 126 प्रकरणों का पक्षकारो के मध्य राजीनामें व लोक अदालत की भावना से निस्तारण किया गया।बिजली विभाग,बैंको एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं, दूरसंचार,जलदाय विभाग के प्रिलिटिगेशन संबंधित कुल 3481 प्रकरणों को सम्मिलित किया गया था।जिनमें से कुल 132 प्रकरणों में राजीनामे 36673 40 रू. की रिकवरी की गई।



बिजली के बकाया बिलों पर 50 प्रतिशत छूट के साथ प्रकरणों का निस्तारण किया गया।जिस कारण से आमजन ने उत्साहपूर्वक लोक अदालत में भाग लेकर लाभान्वित हुआ। इस अवसर पर लोक अदालत पीठ सदस्य, अधिवक्ता सुरेश कुमार बाफना,रतन टांक,बार अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव सहित स्थानीय बार के अधिवक्ता,न्यायालय रीडर गोपाललाल, हरिप्रसाद भाटिया,अनिल मीणा,कार्मिक योगेन्द्र गहलोत, सोहनलाल पूर्बिया,पुनीत गुर्जर,पूनम सैनी,विष्णु शरनम,विकास यादव,लोक अभियोजक अनिल गहलोत,स्वयंसेवक कमलेश बारेगामा,ऋषि भट्ट, शाहरूख,शंभुलाल भील,पंकज भट्ट एवं विभिन्न विभागीय एवं कार्मिक तथा पक्षकारान उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि दिव्तीय शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मुकदमों का निस्तारण आपसी सुलह एवं समझाईश से कराया गया।जिससे पक्षकारान के मध्य भाईचारा एवं सौहार्द का वातावरण बना रहे।

## पर्यावरण की सुरक्षा, हर परिवार की जिम्मेदारी देव नारायण योजना के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** देव नारायण योजना में स्थित देव नारायण मंदिर के आस-पास शनिवार को पौधरोपण किया गया और घर-घर जाकर क्षेत्रवासियों को पौधे दिए गए। उन्हें पौधारोपण से लेकर उसकी देखभाल का आग्रह किया गया। इस अभियान की पहल उपमहापौर पवन मीणा द्वारा की गई थी। स्थानीय निवासी इस पहल से बहुत खुश और उत्साहित हैं। इस अवसर पर पूर्व सरपंच गोविंद भड़क ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस पहल ने हमें एकजुट किया है और हम सभी इस दिशा में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। देव नारायण पशुपालक विकास समिति की अध्यक्ष किरण लांगड़ी ने कहा कि हर परिवार एक पौधा लगाए, भविष्य को हरा-भरा बनाए। इस अभियान ने हमारे समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाया है। हम सभी मिलकर इस पहल को सफल बनाएंगे। इस अभियान में भाग लेकर समस्त देव नारायण वासियों ने श्रमदान कर भागीदारी निभाई। इस अवसर पर अध्यक्ष देव नारायण पशुपालक विकास समिति, उपाध्यक्ष भागचंद नालिया, नारायण कालश, अमरा कटारिया, मंगलाजी गुंजल, लक्ष्मण नेकड़ी, गोपाल हाकला, बन्नाजी लिडिया, अर्जुन घटिला, चेतन यादव सहित अनेक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा राशमी में 124 प्रकरणों का राजीनामे की भावना से निस्तारण किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति राशमी द्वारा द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।जिसमे विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट पृथा फौजदार की अध्यक्षता में गठित बैंच में विचाराधीन 124 प्रकरणों का निस्तारण कर 2667636 रू. की राशि का अवार्ड पारित किया गया। ताल्लुका विधिक सेवा समिति के सचिव श्री राहुल भास्कर ने बताया कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौडगढ महेन्द्र सिंह सिसोदिया व अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति राशमी के निर्देशानुसार आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित कुल 124 प्रकरणों का पक्षकारो के मध्य राजीनामें एवं लोक अदालत की भावना से निस्तारण किया गया। बिजली विभाग,बैंको एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं, दूरसंचार,जलदाय विभाग के प्रि लिटिगेशन संबंधित कुल 1500 प्रकरणों को सम्मिलित किया गया।बिजली के बकाया बिलों पर 50 प्रतिशत की छूट के साथ प्रकरणों का निस्तारण किया। इस अवसर पर लोक अदालत पीठ सदस्य तहसीलदार भगवतीप्रसाद वैष्णव,स्थानीय बार के अधिवक्तागण,न्यायालय के नाजिर सुमेर सिंह, मुकेश गाडरी एवं कार्मिक रामनरेश मीणा,राजू रेगर व पक्षकारान उपस्थित रहे।



# खंडेलवाल आश्रम शनिमहाराज आली में आज आमसभा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** खंडेलवाल ब्राह्मण समाज कपासन बिलोदा चौकी की आमसभा का 14 जुलाई 2024 रविवार को प्रातः 11 बजे खंडेलवाल आश्रम शनिमहाराज आली में आयोजन किया जायेगा। प्रचार प्रसार मंत्री सत्यनारायण खंडेलवाल पांडोली स्टेशन में बताया कि खंडेलवाल समाज की आमसभा कपासन बिलोदा चौकी की शनिमहाराज आली ग्राम स्थित खंडेलवाल आश्रम में रविवार प्रातः 11 बजे समाज के अध्यक्ष शंकरलाल शर्मा को अध्यक्षता में आयोजन किया जायेगा।उक्त आमसभा में नवीन कार्यकारिणी का गठन करने सहित पूर्व बैठकों के प्रस्तावों का अनुमोदन किया जायेगा।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# पाकिस्तान ने आईएमएफ के साथ सात अरब डॉलर के नए ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए

बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद।** नकदी की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने सात अरब डॉलर के नए ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। पाकिस्तान को तीन साल की अवधि वाले इस ऋण पैकेज से जटिल आर्थिक समस्याओं से निपटने में मदद मिलेगी। आईएमएफ ने एक बयान में कहा कि 2023 स्टैंड-बाय अरेंजमेंट (एसबीए) के तहत हासिल की गई आर्थिक स्थिरता को आगे बढ़ाते हुए आईएमएफ कर्मचारी और पाकिस्तानी अधिकारी एक कर्मचारी स्तरीय समझौते पर पहुंच गए हैं। इसके तहत लगभग सात अरब डॉलर की विस्तारित फंड सुविधा व्यवस्था (ईएफएफ) पर सहमति बनी है। एसबीए एक छोटी अवधि का ऋण है, जो आईएमएफ भुगतान संकट का सामना कर रहे अपने सदस्य देशों को देता है। वाशिंगटन स्थित ऋणदाता ने आगे कहा कि नए कार्यक्रम का उद्देश्य नकदी की कमी से जूझ रहे देश में व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करना और अधिक समावेशी और लचीले विकास को बढ़ावा देना है।

## नीट मामले पर सीबीआई ने देरी से दिया हलफनामा : सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने कहा- कोर्ट में चर्चा करें, जस्टिस पारदीवाला बोले- हमने जवाब देख लिया है

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने नीट मामले में सीबीआई के हलफनामे को स्वीकार कर लिया है। दरअसल, नीट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एग्जाम से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर्स से 10 जुलाई शाम 5 बजे तक रिपोर्ट मांगी थी। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक सीबीआई ने 11 जुलाई को कोर्ट में हलफनामा जमा किया था। रजिस्ट्री ने कहा था कि तय समय से देरी के बाद हलफनामा जमा करने को लेकर कोर्ट से चर्चा करें। हालांकि, बेंच के जस्टिस जे बी पारदीवाला ने कहा कि उन्होंने सीबीआई की रिपोर्ट जमा किए जाने की जानकारी है।

### नीट केस की अगली सुनवाई 18 जुलाई को

नीट मामले में गड़बड़ी को लेकर 38 याचिकाओं पर अगली सुनवाई अब 18 जुलाई को होगी। चीफ जस्टिस की बेंच ने कहा कि कोर्ट के 8 जुलाई के निर्देश के जवाब में केंद्र और एनटीए ने अपने हलफनामे दायर कर दिए हैं। हालांकि, बेंच ने ये पाया है कि कुछ याचिकाकर्ताओं को अभी तक केंद्र और एनटीए के हलफनामे नहीं मिल पाए हैं।

## ट्रेनी अफसर पूजा खेडकर के पेरेंट्स समेत 7 पर एफआईआर : मां पिस्तौल लेकर किसानों को धमका रही थीं

मुंबई(बढ़ता राजस्थान)

महाराष्ट्र के पुणे की ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर एक नए मामले को लेकर सुर्खियों में हैं। यह मामला उनकी मां से जुड़ा है। एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उनकी मां मनोरमा पिस्तौल से किसानों को धमकाती हुई नजर आ रही हैं। घटना पुणे के मुलशी तालुका के धडावली गांव की है, जहां पूजा के पिता दिलीप खेडकर ने जमीन खरीदी है। मामले को लेकर शनिवार सुबह पूजा की मां मनोरमा और पिता दिलीप समेत 7 लोगों के खिलाफ पौड पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया एफआईआार आईपीसी की धारा 323, 504, 506 के तहत दर्ज की गई है। साथ ही आर्म्स एक्ट के चार्ज भी शामिल किए गए हैं। दिलीप महाराष्ट्र सरकार के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। स्थानीय लोगों का दावा था कि खेडकर परिवार ने बाउंसर की मदद से पड़ोसी किसानों की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की और किसानों को धमकाया। किसान कुलदीप पासलकर ने दावा किया कि मनोरमा जबरदस्ती उनकी जमीन हड़पने की कोशिश कर रही हैं।

हालांकि, पुणे पुलिस के सुपरिंटेंडेंट पंकज देशमुख ने शुक्रवार रात को बताया कि यह घटना पिछले साल 5 जून धडावली गांव में हुई थी। तब किसानों की तरफ से शिकायत दर्ज की गई थी, लेकिन, शिकायत में पिस्तौल का जिक्र नहीं था। मामले को लेकर पुणे पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि हम जांच कर रहे हैं कि मनोरमा के पास पिस्तौल का लाइसेंस है या नहीं।

# बिहार में बिजली गिरने से 24 घंटे में 21 मौतें

## रोहतास में झरने में फंसे 6 लोग

**नई दिल्ली।** बिहार में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। भागलपुर में गंगा और कोसी के कटाव में कई घर बह गए हैं। यहां रोहतास के मां तुतला भवानी धाम वाटरफॉल में शनिवार सुबह पानी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। 6 लोग तेज बहाव में फंस गए। वन विभाग की टीम ने उन्हें रेस्क्यू किया। भारी बारिश के बीच बिजली गिरने से पिछले 24 घंटे में 12 जिलों में 21 लोगों की मौत हुई हैं। उधर, उत्तर प्रदेश में नेपाल से लगे जिलों बाढ़ जैसे हालात हैं। पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज के करीब 800 गांव लगातार तीसरे दिन भी बाढ़ की चपेट में हैं। शाहजहांपुर में दिल्ली-लखनऊ हाईवे लगातार दूसरे दिन बंद है। बलरामपुर में प्राइमरी स्कूल में 3 फीट तक पानी भरा है।

**एमपी, यूपी समेत 8 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट**-मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, जम्मू, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में आज भारी बारिश का अलर्ट है। उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, विदर्भ (महाराष्ट्र), छत्तीसगढ़ में तूफान और बिजली गिरने का अलर्ट है। मौसम विभाग ने कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, तेलंगाना, असम, मेघालय, उपहिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, पूर्वी-पश्चिमी उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, जम्मू, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और अंडमान-निकोबार मिलाकर कुल 21 जगह बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## 7 राज्यों की 13 सीटों पर उपचुनाव के नतीजे

# भाजपा को 2 सीटों का नुकसान, कांग्रेस को 2 का फायदा; टीएमसी ने भाजपा की 3 सीटें छीनीं



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश और बिहार समेत 7 राज्यों की 13 सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव के नतीजे आ गए हैं। सभी सीटों पर 10 जुलाई को वोटिंग हुई थी। इनमें से कांग्रेस ने 4, टीएमसी ने 4, भाजपा ने 2, आप, डीएमके और निर्दलीय ने 1-1 सीटें जीत ली हैं।

इन 13 सीटों में भाजपा के पास 3 सीटें थीं, कांग्रेस के पास 2, टीएमसी के पास 1, जेडीयू 1, आप 1, डीएमके 1, बीएसपी 1 और निर्दलीय के पास 3 सीटें थीं। इस उपचुनाव में भाजपा 2, कांग्रेस 4, टीमएसी 4, जेडीयू 0, आप 1, डीएमके 1, बीएसपी 0 और निर्दलीय को एक सीट मिली है। यानी भाजपा को 1, उसकी सहयोगी जेडीयू को एक सीट का नुकसान हुआ है। कांग्रेस को 2 और टीएमसी को 3 सीटों का फायदा हुआ है। हिमाचल में भाजपा में शामिल हुए 3 में से एक निर्दलीय ही चुनाव जीत पाए, दो हार गए। पंजाब में भी आप से आए कैंडिडेट चुनाव हार गए।

### एनडीए : 13 में से भाजपा 9 हारी; सहयोगी दलों ने भी दो सीटें गंवाई

एनडीए ब्लॉक में 13 में से 11 सीटों पर भाजपा और दो अन्य पर जेडीयू, पीएमके ने चुनाव लड़ा। इनमें भाजपा मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा और हिमाचल प्रदेश की हमीपुर सीट ही जीत पाई। जेडीयू बिहार की रुपौली और पीएमके तमिलनाडु की विक्रवंडी सीट हार गई।

### इंडिया : कांग्रेस 13 में से 4 पर जीती, सहयोगी दल ने एक सीट जीती

इंडिया ब्लॉक में 13 में से कांग्रेस 9, आरजेडी 1, सीपीआई (एम) 2 और छब्ब्ध एक सीट पर चुनाव लड़ी। कांग्रेस ने 4 सीटों पर जीत दर्ज की। इनमें हिमाचल प्रदेश की देहरा, नलगढ़ और उत्तराखंड की बद्रीनाथ, मंगलौर सीट शामिल है। डीएमके ने तमिलनाडु की विक्रवंडी सीट पर जीत दर्ज की।

### पंजाब में आप, पश्चिम बंगाल में टीएमसी एकतरफा जीती

पंजाब में एकमात्र सीट आप ने भाजपा से जीत ली। पश्चिम बंगाल की 4 विधानसभा सीटों पर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने जीत दर्ज की। पिछली बार भाजपा के पास 3 सीटें थीं, लेकिन इस बार टीएमसी ने तीनों सीटें छीन लीं। यहां टीएमसी अकेले चुनाव लड़ी।

## गहलोत का पूर्व ओएसडी से बातचीत का टेप सामने आया

# पूर्व सीएम कह रहे- मोबाइल कहां जिससे ऑडियो भेजा; लोकेश का जवाब- डैमेज कर दिया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में सचिन पायलट खेमे की बगावत के समय जुलाई 2020 में उठे फोन टैपिंग विवाद की एक बार फिर से चर्चा शुरू हो गई है। एक ऑडियो सामने आया है। दावा किया जा रहा है कि यह ऑडियो पूर्व सीएम अशोक गहलोत और उनके पूर्व ओएसडी लोकेश शर्मा के बीच हुई बातचीत का है। इसमें दोनों उस लैपटॉप और मोबाइल को डैमेज करने की बात कर रहे हैं, जिससे फोन टैपिंग की रिकॉर्डिंग मीडिया को भेजी गई।

### गहलोत ने नाम नहीं लिया, लेकिन इशारा उसी ओर

ऑडियो में गहलोत लोकेश शर्मा से उस लैपटॉप के बारे में पूछ रहे हैं, जिससे मीडिया को खरीद-फरोख्त की साजिश वाले ऑडियो भेजे थे। गहलोत और लोकेश बातचीत में ऑडियो का नाम नहीं ले रहे, लेकिन कड़ियां जुड़ती दिख रही हैं। गहलोत इस बातचीत में कह रहे हैं कि मैंने जो दिया था, वही यूज किया न। साथ ही जिस मोबाइल और लैपटॉप से मीडिया को विधायकों की खरीद फरोख्त से जुड़ा ऑडियो भेजा गया, उसके बारे में बातचीत है। गहलोत ने पूछा- जिससे मीडिया को भेजा उसका क्या किया, जवाब में लोकेश ने कहा कि वो मोबाइल डैमेज कर दिया। यह ऑडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है और लोकेश शर्मा का दावा है कि यह ऑडियो बिल्कुल सही है।



**गहलोत बोले- तुम्हारा लैपटॉप किसी दूसरे स्टेट के रिश्तेदार को दे दो या नष्ट कर दो**- इस बातचीत में गहलोत विधायकों की खरीद-फरोख्त वाले ऑडियो के बारे में बारीकी से पूछ रहे हैं। गहलोत ने लोकेश शर्मा से वो लैपटॉप दूसरे स्टेट में रिश्तेदार को भिजवाने के लिए कहा, जिसमें ऑडियो को पेन ड्राइव से कॉपी किया था। उसे डिस्ट्रॉय करने का सुझाव भी दिया।

### विधायकों की खरीद-फरोख्त की साजिश के आरोप लगाए थे

दरअसल, सचिन पायलट ग्रुप की बगावत से जब सियासी संकट खड़ा हुआ था उस वक्त विधायकों की 34 दिन होटलों में बाड़ेबंदी की गई थी। बाड़ेबंदी के दौरान ही गहलोत खेमे की तरफ से लोकेश शर्मा ने मीडिया को कुछ ऑडियो क्लिप भेजे थे। इनमें केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और दिवंगत कांग्रेस विधायक भंवरलाल शर्मा के बीच विधायकों की खरीद-फरोख्त को लेकर बातचीत का दावा था। एक ऑडियो तत्कालीन मंत्री विश्वेंद्र सिंह का होने का हवाला दिया था। उस वक्त इन ऑडियो के जरिए गहलोत गुट ने बीजेपी पर सरकार गिराने की साजिश के आरोप लगाए थे।


# दिल्ली एलजी खुद को कोर्ट समझते हैं : सुप्रीम कोर्ट

## दिल्ली में पेड़ों की कटाई पर कहा- हमारी अनुमति के बिना उन्होंने आदेश कैसे दिया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना की कड़ी आलोचना की। कोर्ट ने कहा कि उन्होंने बिना सोचे-समझे पेड़ काटने की अनुमति कैसे दी, वह भी तब जब दिल्ली विकास प्राधिकरण की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में याचिका ली हुई है।

जस्टिस अभय ओका और उज्ज्वल भुयान की बेंच ने कोर्ट की अनुमति लिए बिना पेड़ गिराने के एलजी के एक्शन पर गहरी नाराजगी जाहिर की। पेड़ गिराने के मामले में एलजी की भूमिका को छिपाने की कोशिशों की भी कोर्ट ने निंदा की।

यह मामला डीडीए द्वारा अवैध रूप से सैकड़ों पेड़ काटे जाने से जुड़ा है। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि लेफ्टिनेंट गवर्नर के निर्देश पर दिल्ली के सदर्न रिज इलाके में 1,100 पेड़ काटे गए हैं। इस मामले की पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि ऐसे किसी भी एक्शन से पहले कोर्ट की अनुमति लेनी होगी।



कोर्ट ने कहा कि इस मामले में एलजी ने बिल्कुल दिमाग नहीं लगाया। उन्होंने मान लिया कि दिल्ली सरकार के पास वृक्ष अधिकारी की शक्ति है। जो हो रहा है वह दुखद है। हमें पहले ही बताया जाना चाहिए था कि लेफ्टिनेंट गवर्नर ने पेड़ काटने के निर्देश दिए थे। बेंच ने एलजी वीके सक्सेना से भी पूछा कि क्या वे खुद को कोर्ट मान बैठे हैं। जस्टिस ओका ने कहा कि मुझे लग रहा है कि लेफ्टिनेंट गवर्नर को लगता है कि वे कोर्ट हैं। क्या डीडीए के किसी ने अधिकारी एलजी के पास जाकर उन्हें बताया कि हमें इस मामले में आगे बढ़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश की जरूरत है?

# राजस्थान के 20 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

## श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ में तूफानी बरसात; मकान की छत गिरी, तीन भाई-बहन घायल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उत्तरी राजस्थान के जिलों में शुक्रवार को तेज आंधी के साथ बारिश हुई। हनुमानगढ़-गंगानगर में तूफान के कारण कई जगह पेड़ और कच्चे मकानों के टीनशेड गिर गए। जयपुर, झालावाड़, चूरू, बूंदी, बारां, बांसवाड़ा, झुंझुनूं, प्रतापगढ़, बीकानेर में भी बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने आज (शनिवार) भी उत्तर-पूर्वी और दक्षिणी राजस्थान के 20 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। श्रीगंगानगर में जैतसर के गांव कीकरवाली जोहड़ी में शनिवार सुबह घर की छत गिर जाने से दो भाई और एक बहन घायल हो गए। शुक्रवार रात को इस इलाके में तेज बारिश हुई थी। घटना के समय बच्चों के माता-पिता घर पर नहीं थे। पिछले 24 घंटे के दौरान श्रीगंगानगर के अनूपगढ़ एरिया में 40एमएम बरसात हुई। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ के एरिया में शुक्रवार देर शाम करीब 68किमी की गति से तेज आंधी चली। हनुमानगढ़ के एरिया में बवंडर भी आया।



### 16 जून से तेज बारिश का दौर शुरू होगा

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मानसून की ट्रफ लाइन अब शिफ्ट होकर उत्तर भारत की तरफ चली गई। इसके कारण राजस्थान में अब बारिश की गतिविधियां कम हो गई। 16 जून से राजस्थान में एक बार फिर से मानसून एक्टिव होगा और तेज बारिश का दौर शुरू होगा।

### आंधी बारिश से पारा गिरा, उमस बरकरार

उत्तरी राजस्थान आई आंधी-बारिश के बाद यहां लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, बीकानेर, जैसलमेर, फलौदी के एरिया में पिछले 2-3 दिन से लगातार तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर था, जो अब गिरकर 38 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच आ गया। हालांकि जयपुर, अजमेर, टोंक, भरतपुर के एरिया में शुक्रवार को दिनभर धूप रही और उमस रही। देर शाम को राजधानी जयपुर के कुछ इलाकों में बारिश हुई है।


### इन जिलों में बारिश-आंधी का अलर्ट

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर की ओर से आज जयपुर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, अलवर, दौसा, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, टोंक, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, बूंदी, बारां, कोटा और झालावाड़ में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। 14 और 15 जुलाई को राजस्थान में मानसून कमजोर रहने की संभावना है। कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

## ओडिशा गवर्नर के बेटे पर कर्मचारी से मारपीट का आरोप : राजभवन के ऑफिसर की शिकायत- स्टेशन लेने कार नहीं भेजी तो लात-घूंसों से पीटा

**पुरी।** ओडिशा के राजभवन में एक कर्मचारी ने राज्यपाल रघुबर दास के बेटे ललित कुमार और उसके साथियों पर मारपीट के आरोप में शिकायत दर्ज कराई है। कर्मचारी का आरोप है कि उसने ललित को स्टेशन लेने के लिए कार नहीं भेजी थी। इससे नाराज ललित ने अपने साथियों के साथ मिलकर राजभवन में उनकी लात-घूंसों से पिटाई कर दी। शिकायतकर्ता बैकुंठ प्रधान ने 10 जुलाई को राज्यपाल के प्रिंसिपल सेक्रेटरी को लिखित शिकायत सौंपी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# कोर्ट ने फर्जी निकाह केस में इमरान को किया बरी, 3 केस में सजा हुई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल से बाहर आ सकते हैं। इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी दोनों को इद्दत केस (फर्जी निकाह) में रिहा कर दिया गया है। इस्लामाबाद कोर्ट ने शनिवार को ये फैसला सुनाया। इससे पहले उन्हें तोशाखाना केस और साइफर मामले में रिहाई मिल चुकी है।

इस्लामाबाद की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने शनिवार को आदेश दिए हैं अगर इमरान खान और बुशरा बीबी किसी और मामले में वॉन्टेड नहीं हैं तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए। इमरान खान और उनकी पत्नी



को फरवरी में फर्जी निकाह मामले में 7 साल की जेल और दोनों पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था। खान को पिछले साल 9 मई को इस्लामाबाद हाईकोर्ट से अल कादिर ट्रस्ट केस में गिरफ्तार किया गया था। उनकी गिरफ्तारी पाकिस्तानी रेंजर्स ने की थी।

अब इस्लामाबाद कोर्ट के फैसले को इमरान खान की पार्टी पीटीआई के चेयरमैन गौहर खान ने देश की जीत बताया है। उन्होंने बताया कि मैं आज अदियाला जेल में मुलाकात हुई है। खान फैसले से काफी खुश हैं।

### क्या है फर्जी निकाह (इद्दत) मामला

बुशरा बीबी के पूर्व पति, खावर फरीद मनेका ने बुशरा और इमरान पर के खिलाफ इद्दत की अवधि के दौरान शादी का अनुबंध करने का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में 3 फरवरी को दोषी ठहराया गया था। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 7 साल की सजा और 5 लाख पाकिस्तानी रूपए का जुर्माना लगाया था। इससे पहले इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने 3 जून को इमरान खान को सबूतों के अभाव में साइफर केस (सीक्रेट लेटर चोरी) में बरी कर दिया था। उनको इस्लामाबाद की विशेष अदालत ने 10 साल की सजा सुनाई थी। इमरान खान को 29 अगस्त 2023 को साइफर गेट स्कैंडल में हिरासत में लिया गया था। सीक्रेट लेटर चोरी केस में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी दोषी पाए गए थे। फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने दोनों को साइफर केस में आरोपी बनाया था।